हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026



# KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

## Faculty of Information Technology & Computer Science

# Turn Your Passion for Tech Into a **High-Growth Career.**

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

**Undergraduate**
- **BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning**
- **B.CS in AI & ML and Cybersecurity**
- **Bachelor of Animation & VFX**

**Postgraduate**
- **MCA** • **M.CS in AI & ML and Cybersecurity**
- **Master of Data Science** • **PGDCA**
- **Master of Animation & VFX**

**Diploma**
- **Diploma in Computer Applications (DCA)**

**New-Age Specialisations**
- **BCA in Game Development with AI** in collaboration with Hi Tech Animation

**Powered by Industry Experts**
- **In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education**
- **Industry-designed AI & ML curriculum**
- **Practical learning with advanced labs**

**7 Centres of Excellence** (For Practical & Applied Learning)
- TechnoViz Automation — for Industrial Internet of Things (IIoT)
- Godawari eblu — for Research and Training on Electric Vehicles
- IBM Innovation Centre for Education — for B.Tech CS in AI & ML
- JustAuto — for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles
- BDS Education — for Robotics, Coding, and Drones
- Proud to say IamSMEofIndia — for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
- BOSCH — for Bridge Courses

**Research & Advanced Infrastructure :**
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

**Startup Ecosystem :**
- Kalinga Incubation Foundation (KIF) • 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship



*Everything you need to build a successful tech career. All in one place.*

**Top Recruiters**
Infosys | Wipro | Oracle | Capgemini | TCS | Accenture | Bosch | Godawari | Adani | Biocon

# +91-9907252100

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

# प्रदेश में भी अब 9 और 14 कैरेट सोने के गहनों का क्रेज



## सोने के दाम डेढ़ लाख के पार जाने का बड़ा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने की लगातार बढ़ती कीमत के कारण अब कम कैरेट वाले जेवरों का चलन बढ़ता जा रहा है। महानगरों में तो पहले से ही 14 कैरेट सोने के जेवरों का क्रेज है। अब तो हॉलमार्क ने 9 कैरेट सोने के जेवरों को भी मान्यता दे दी है। जहां तक अपने राज्य छत्तीसगढ़ का सवाल है, तो यहां पर पहले 14 कैरेट के जेवर पहले से ही नहीं चलते थे, ऐसे में लगा था कि 9 कैरेट के जेवर भी यहां नहीं चलेंगे, लेकिन सोने के दाम जिस तरह से डेढ़ लाख के पार चले गए हैं, उसके बाद राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के कुछ बड़े शहरों में अब 9 और 14 कैरेट के गहने बिकने लगे हैं। शादियों का सीजन चल रहा है, तो इसमें भी कम कैरेट के जेवरों की बिक्री हो रही है।



राजधानी रायपुर के सराफा कारोबारियों के मुताबिक अपने प्रदेश के लोग कम शुद्धता वाले सोने के जेवर ज्यादा पसंद नहीं करते हैं। मध्यम और गरीब वर्ग ज्यादा शुद्धता वाले सोने के जेवर इसलिए पसंद करते हैं, ताकि वक्त पड़ने पर उसको बेचने की स्थिति में ज्यादा पैसे मिल सके। कम शुद्धता वाले जेवरों का क्रेज अमीर वर्ग में ज्यादा है, जो कई डिजाइन के जेवर रखते हैं और उनको इसको कभी बेचने की जरूरत नहीं पड़ती है। यहां भी ऐसे जेवरों की खरीदारी उच्च वर्ग ज्यादा कर रहा है।

### किसमें कितनी शुद्धता

सोने में शुद्धता की बात की जाए तो करीब सौ फीसदी खरा सोना 24 कैरेट को ही माना जाता है। इसमें शुद्धता का प्रतिशत 99.9 रहता है। इसके बाद 23 कैरेट का नंबर आता है। इसकी शुद्धता 95.8 फीसदी रहती है। 22 कैरेट सोने में 91.06, 20 कैरेट में 83.03, 18 कैरेट में 75.00 फीसदी, 14 कैरेट में 58.05 और 9 कैरेट सोने में 37.5 फीसदी शुद्धता रहती है।

### आज भी 22 और 20 कैरेट के जेवरों का क्रेज

अपने राज्य छत्तीसगढ़ में 22 और 20 कैरेट सोने के जेवरों का ही चलन ज्यादा है। वैसे 18 कैरेट सोने के भी जेवर बनते हैं, लेकिन इसका उपयोग नग वाले जेवर बनाने के लिए किया जाता है। अब सोने की कीमत ज्यादा होने पर इसके दूसरे जेवर भी बनने लगे हैं। 18 कैरेट से नीचे वाले कैरेट 14 और 9 कैरेट के जेवर अब यहां चलन में आ तो गए हैं, लेकिन इसकी अभी ज्यादा डिमांड न होने के कारण यहां पर गिनती के ही बड़े कारोबारी इसको बना रहे हैं। आने वाले समय में जरूर इसका कारोबार बड़ा होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### सीएम साय ने चार नए वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को जशपुर के रणजीता स्टेडियम में राजस्व विभाग को प्राप्त 4 नवीन शासकीय वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन वाहनों के संचालन से शासकीय कार्यों में गति आएगी और आम जनता को अधिक बेहतर एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नवीन वाहनों के जुड़ने से विशेष रूप से राजस्व विभाग के फील्ड कार्यों में सुविधा बढ़ेगी। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच आसान होगी, जिससे राजस्व संबंधी प्रकरणों का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन, सर्वेक्षण कार्य, निरीक्षण एवं अन्य प्रशासनिक गतिविधियों में भी इन वाहनों के माध्यम से तेजी आएगी, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंच सकेगा।

### हम जनसेवा के लिए भाजपा में हैं : बृजमोहन



**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत माना मंडल, भाठागांव मंडल, शंकर नगर मंडल और सिविल लाइन मंडल में आयोजित प्रशिक्षण वर्गों को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती और सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सजग प्रहरी बनने का आह्वान किया। श्री अग्रवाल ने कहा, हम भारतीय जनता पार्टी में इसलिए हैं, क्योंकि शायद ईश्वर ने हमें इस माध्यम से लोगों की सेवा करने के लिए चुना है। जिस दौर में हमने राजनीति शुरू की, तब सत्ता की कल्पना भी नहीं थी। हमारे लिए राजनीति का अर्थ केवल संघर्ष, आंदोलन और लाठियां खाना था। उन्होंने प्रशिक्षण शिविर के महत्व पर जोर देते हुए कहा, कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के माध्यम बनें।


**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैं संजय कुमार पाटिल, पिता जगन्नाथ शंकर राव पाटिल, निवासी 40, श्री जी कल्पतरु अमलिडिह रायपुर, छत्तीसगढ़ यह शपथ करता हूँ की मेरे पुत्र का पुराना नाम सार्थक संजय कुमार पाटिल को त्याग कर नया नाम सार्थक संजय पाटिल, पिता संजय कुमार पाटिल रख लिया हूँ। अतः आज से मेरे पुत्र को समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज़ो में उसके नए नाम सार्थक संजय पाटिल, पिता संजय कुमार पाटिल से ही जाना पहचाना जावे।

**संजय कुमार पाटिल**
**40, श्री जी कल्पतरु अमलिडिह**
**रायपुर, छत्तीसगढ़**


#### रिकार्ड रूम में रखे हैं 100 वर्ष से भी अधिक पुरानी रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट

# 30 वर्षों का रजिस्ट्री डॉटा होना है ऑनलाइन, 2017 से 1997 तक हो पाया, ठेका अवधि खत्म होने से रुका काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंजीयन विभाग के पोर्टल पर वर्ष 2017 से लेकर 1987 तक 30 वर्षों के दौरान हुई प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के पुराने डाक्यूमेंट ऑनलाइन किए जा रहे हैं। ऑनलाइन डाक्यूमेंट ऑनलाइन करने की शुरुआत घटते क्रम में वर्ष 2017 में हुई रजिसट्रियों के डाक्यूमेंट से की गई है। इसके लिए विभाग ने एजेंसी को डाक्यूमेंट स्कैन करने से लेकर उसे पोर्टल में अपलोड करने का ठेका दिया था। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कंपनी ने 2017 से लेकर 1997 तक हुई रजिस्ट्री के लगभग सभी डाक्यूमेंट स्कैन कर ऑनलाइन करा दिया है, लेकिन अब इस कार्य पर ब्रेक लग गया है। ब्रेक लगने का कारण अनुबंध अवधि खत्म होना बताया जा रहा है। इसके कारण वर्ष 1996 से लेकर वर्ष 1987 तक की रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट ऑनलाइन नहीं हो पाए हैं।

### स्कैन के बाद पीडीएफ फाइल बनाकर किया जा रहा पोर्टल में अपलोड

रायपुर जिले के पंजीयन कार्यालय के रिकार्ड रूम में 100 वर्ष से भी अधिक पुरानी रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट रखे हुए हैं। इन डाक्यूमेंट को सुरक्षित करने के लिए स्कैन कराकर पीडीएफ फाइल बनाकर उसे पंजीयन विभाग के पोर्टल में अपलोड कराया जा रहा है। डाक्यूमेंट को स्कैन करने के लिए जिला पंचायत उप संचालक कार्यालय में डिजिटल कम्प्यूटराइज स्कैनिंग मशीन लगाई गई थी, जहां स्कैनिंग मशीन से डाक्यूमेंट को स्कैन करने के बाद कम्प्यूटर में स्कैन हुए डाक्यूमेंट की पीडीएफ फाइल बनाई जाती थी। इस फाइल के बाद भी पोर्टल में अपलोड किया जाता था।




### नोएडा की कंपनी को मिला था ठेका

स्कैनिंग कर पीडीएफ बनाने के लिए नोएडा की कंपनी को इसका ठेका मिला था। स्कैनिंग और पीडीएफ फाइल बनाने के 3 कम्प्यूटराइज डिजिटल स्कैनिंग सिस्टम लगाए गए थे, जिसके माध्यम से कंपनी के एजेंसी के कर्मचारी स्कैनिंग और पीडीएफ फाइल को अपलोड किया जा रहा था।

### वर्ष 1997 तक का डाटा हो चुका स्कैन

सूत्रों के अनुसार स्कैनिंग का काम पिछले लगभग चार साल से चल रहा है। इससे पहले इसका ठेका दूसरी कंपनी को मिला था। जिस कंपनी को इसका ठेका मिला था उसके द्वारा स्केनिंग की क्वालिटी सही नहीं थी, जिसके कारण उसका फंड शासन स्तर पर रोक दिया गया था और बाद में ठेका निरस्त कर दिया गया। इसके कारण मार्च 2024 से नवंबर 2024 तक स्कैनिंग का काम रुका रहा। दिसंबर 2024 से अब नोएडा की कंपनी को ठेका दिया गया था। इस कंपनी की ठेका अवधि भी समाप्त हो गयी है।

### अब तक टेंडर जारी नहीं, नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा

विभागीय सूत्रों से पता चला है कि ठेका अवधि समाप्त होने के बाद से अब तक दोबारा इस कार्य के लिए टेंडर निकाला नहीं गया है। इसके कारण यह कार्य अधूरे में ही रूका हुआ है। इधर कार्य रूकने के कारण अब रिकार्ड रूम में रखे सालों पुराने डाक्यूमेंट के नस्ट होने का खतरा लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि जिस रिकार्ड रूम में सालों पुराने रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट रखे हुए हैं, वहां अगर छोटी सी भी आग की चिंगारी शॉट सर्किट या अन्य कारण से लगती है, तो सारे डाक्यूमेंट देखते ही देखते राख का ढेर में बदल जाएंगे। इसे देखते हुए इन डाक्यूमेंट को जल्द से जल्द ऑनलाइन किया जाना आवश्यक है।

### शासन स्तर पर टेंडर निकाला जाएगा

ठेका अवधि खत्म होने के कारण काम रुका हुआ है। ठेका होते ही बचे हुए रजिस्ट्री के डाक्यूमेंट भी ऑनलाइन किए जाएंगे। शासन स्तर पर टेंडर निकाला जाएगा।

**- विनोज कोचे,**
जिला पंजीयक रायपुर

# बिरगांव निगम बजट के पूर्व कांग्रेस पार्षदों को एकजुटता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव नगर निगम के आगामी बजट को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 30 मार्च को होने वाली बिरगांव नगर निगम की सामान्य सभा को सफल, अनुशासित और एकजुट बनाना था। बैठक में कांग्रेस पार्षदों को संबोधित करते हुए नेताओं ने बजट पर रचनात्मक चर्चा, गंभीर प्रश्नोत्तर और अंत में ध्वनि मत से बजट के सर्वसम्मति से पारित करने पर जोर दिया।

■ महापौर एवं सभापति के साथ कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, सामान्य सभा केवल बजट पर केंद्रित रहेगी। सभी कांग्रेस पार्षद महापौर द्वारा प्रस्तुत बजट पर गंभीर चर्चा करें और अंत में ध्वनि मत से सर्वसम्मति से पारित करें। उन्होंने पार्षदों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पूरी प्रक्रिया अनुशासित तरीके से पूरी हो। ताकि कांग्रेस की जिम्मेदार, संगठित और अनुशासित छवि जनता के सामने उभरे। पंकज शर्मा ने कांग्रेस पार्षदों से आग्रह किया कि सामान्य सभा में महापौर द्वारा लाए गए बजट को ध्वनि मत से पारित कर पूरे कांग्रेस परिवार की एकजुटता, अनुशासन और जिम्मेदारी का परिचय दें।

बिरगांव नगर निगम महापौर नंदलाल देवांगन ने कहा, यह बजट क्षेत्र के समग्र विकास और जनसेवा के लिए तैयार किया गया है, इसे पारित कर बिरगांव के विकास में अपना सक्रिय योगदान दें।

### राज्यपाल डेका आज भिलाई के दौरे पर

*रायपुर। छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका 29 मार्च को भिलाई के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा आयोजित प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार, राज्यपाल श्री डेका 29 मार्च को पूर्वाह्न 11.15 बजे लोक भवन रायपुर से सड़क मार्ग द्वारा भिलाई के लिए प्रस्थान करेंगे। उनका दोपहर 12 बजे एसएनजी ऑडिटोरियम सेक्टर 4 भिलाई पहुंचने का कार्यक्रम निर्धारित है।*

# कांग्रेस का आरोप- टारगेट पूरा करने वाहनों का जबरिया चालान

## ई चालान के नाम पर वसूली के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, पारदर्शिता और राहत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहनों का ई-चालान के माध्यम से आम जनता से की जा रही कथित वसूली के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस कार्रवाई को आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ डालने वाला बताते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की। कांग्रेस कमेटी के अनुसार रायपुर शहर में 25 लाख से अधिक वाहन हैं। प्रतिदिन 2500 से 3000 ई-चालान काटे जा रहे हैं, आम जनता से जबरिया वसूली की जा रही। शहर कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को 1000 देने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों से 2000 से 5000 तक के ई-चालान के माध्यम से वसूली की जा रही है, जो पूरी तरह अन्याय है।

ट्रैफिक कमिश्नर से चर्चा के दौरान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी कि शहर में हेलमेट के नाम पर भेजे जा रहे ई-चालान पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही, ई-चालान के मैसेज से आम लोगों में दुविधा और शंका की स्थिति बन रही है, इसलिए पुलिस प्रशासन को पारदर्शी और अधिकृत तरीके से स्पष्ट संवाद स्थापित करना चाहिए।

### वास्तवित ट्रैफिक नियम उल्लंघन पर करें कार्रवाई

कांग्रेस ने यह भी सुझाव दिया कि कबीर नगर के सामने रिंग रोड स्थित सड़क निर्माण क्षेत्र में कैमरे लगाए जाएं, ताकि वास्तविक ट्रैफिक नियम उल्लंघनों पर ही कार्रवाई हो सके। इसके अलावा जहां जहां कैमरे नहीं हैं, वहां साइन बोर्ड और चेतावनी बोर्ड लगाए जाने की भी मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि कार्रवाई में समानता होनी चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के निवास के सामने खड़ी वाहनों पर पहले चालान कर उदाहरण प्रस्तुत किया जाए, उसके बाद आम जनता पर कार्रवाई की जाए।

### ये थे मौजूद

इस दौरान प्रमोद दुबे, पंकज शर्मा, डॉ अनुराम साहू, प्रशांत ठेंगड़ी, बंशी कन्नौजे, जी श्रीनिवास, प्रवीण चंद्राकर, हीरेंद्र देवांगन, विनोद ठाकुर, ओम श्रीवास, सुनीता शर्मा, अंजुमन ढेबर, संदीप शर्मा, देव कुमार साहू, कमल धृतलहरे, सुजीत सिह, सुशांत डे, दीपक चौबे, नंदकुमार पटेल, महेंद्र सिंह, मोहम्मद अशरफ, ईश्वर चक्रधारी, मोहम्मद ताहिर, वेंकट कुमार, सुनील कुमार साहू, गीता सिह, कल्पना सागर, कविता वर्मा, जसबीर सिंह, महावीर देवांगन, शाहरुख अशरफी, महेंद्र चंद्राकर, जितेंद्र सिंह, प्रशांत नायक, योगेश दीक्षित, रवि शर्मा, राहुल श्रीवास, संजीव कुमार, राज देवांगन सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैं संजय कुमार पाटिल, पिता जगन्नाथ शंकर राव पाटिल, निवासी 40, श्री जी कल्पतरु अमलिडिह रायपुर, छत्तीसगढ़ यह शपथ करता हूँ की मेरी पत्नी का पुराना नाम सपना संजय कुमार पाटिल को त्याग कर नया नाम सपना पाटिल, पिता बाबूराव ठाकरे रख लिया हूँ। अतः आज से मेरी पत्नी को समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज़ों में उसके नए नाम सपना पाटिल, पिता बाबूराव ठाकरे से ही जाना पहचाना जावे

**संजय कुमार पाटिल**
**40, श्री जी कल्पतरु**
**अमलिडिह रायपुर,**
**छत्तीसगढ़**


## भाजपा स्थापना दिवस से पखवाड़े भर चलेंगे कार्यक्रम

**रायपुर।** 6 अप्रैल को भाजपा अपना 47वां स्थापना दिवस मनाएगी। इसके लिए देशभर में विशेष तैयारियां की गई हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के सभी जिलो में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन तय किए गए हैं। स्थापना दिवस से पखवाड़े भर लगातार कार्यक्रम होंगे। राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा तय कार्यक्रमों के लिए प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति के संयोजक भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन होंगे। समिति में रंजना साहू , जी. वेंकटराव , शिवनाथ यादव ,ऋतु चौरसिया एवं कमल गर्ग सदस्य बनाए गए हैं। प्रदेश संयोजक यशवंत जैन ने बताया, पार्टी द्वारा प्रतिवर्ष भाजपा स्थापना दिवस से लेकर पूरे पखवाड़े भर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम कार्यक्रम प्रतिवर्ष करती है। समिति द्वारा पूरे पखवाड़े भर विभिन्न जिलों के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा।

# मानवता की सेवा ही सच्चा संकल्प सेवा-समर्पण के साथ मनाया जन्मदिन

## कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के जन्मदिन पर सादगीपूर्ण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कैबिनेट मंत्री और आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने इस बार भव्य तामझाम और दिखावे से दूर रहकर अपने जन्मदिन को 'सेवा और समर्पण' के उत्सव के रूप में मनाया। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के दिन की शुरुआत रायपुर के मोवा स्थित भिक्षुक पुनर्वास केंद्र (संगी मितान संस्थान द्वारा संचालित) से हुई। यहां उन्होंने किसी प्रोटोकॉल की परवाह न करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया।

उन्होंने स्वयं अपने हाथों से सभी को मिष्ठान परोसा और उनकी कुशलक्षेम जानी। वे इस केंद्र में नागरिकों का हालचाल जानने आते ही रहते हैं। इसके बाद मंत्री गुरु साहेब रायपुर, खम्हारडीह स्थित शासकीय बालिका गृह पहुंचे। यहां का माहौल तब और भी खास हो गया जब नन्हीं बालिकाओं ने अपने हाथों से बनाया हुआ 'स्नेहभरा शुभकामना ग्रीटिंग' उन्हें भेंट किया।

***एंबुलेंस और फायर टेंडर का शुभारंभ :*** मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने इस दौरान दो महत्वपूर्ण सुविधाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने आरंग और क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक एंबुलेंस और फायर टेंडर की शुरुआत की। इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही आरंग क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

### ये हुए शामिल

जन्मदिन और होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन मंदिर हसौद स्थित एमएम फन सिटी में हुआ। इस दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक सुनील सोनी, अनुज शर्मा, रोहित साहू, दीपेश साहू और इंद्रकुमार साहू, छग राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन, रजककार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, भाजपा प्रदेश से युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, बीजेपी प्रवक्ता अमित चिमनानी, पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सहित बिलासपुर, मुंगेली, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, सक्ती, सारंगढ़ सहित अन्य जिलों से भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# रायपुर भूमि









शासकीय स्कूल छत्तीसगढ़ नगर में परेशान होते रहे बच्चे

## समय बदला पर मूड नहीं स्कूल के गेट पर ताला, शिक्षक और बच्चे खड़े रहे बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गर्मी की वजह से जिला शिक्षा विभाग ने स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया, मगर स्कूल प्रबंधन का मूड नहीं बदल पाया। शहीद संजय यादव स्मृति शासकीय स्कूल में छोटे बच्चों के साथ शिक्षक गेट पर लगा ताला खुलने का इंतजार करते रहे। जिला शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश का पालन कई स्कूलों में अभी भी नहीं हो रहा है, तेज गर्मी के बीच स्कूलों की पढ़ाई से बच्चे परेशान भी हो रहे हैं।

रायपुर जिले में गर्मी अपना असर दिखा रही है और दिन चढ़ने के साथ तेज धूप स्वास्थ्य पर विपरीत असर भी डालने लगी है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव का आदेश जारी किया गया है। इसमें में एक पाली में लगने वाली तमाम शासकीय और निजी स्कूलों को सुबह साढ़े सात से साढ़े 11 के बीच संचालित करने का निर्णय लिया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश तो जारी कर दिया गया, मगर निजी ही नहीं कई शासकीय स्कूल भी इसका पालन नहीं हो रहा है। तेज गर्मी में बच्चों को स्कूल तक लाने ले जाने में परिजन और दिनभर कक्षाओं में बैठकर बच्चे भी परेशान हो रहे हैं। परीक्षा पूर्ण ▶▶|शेष पेज 12 पर

### खबर संक्षेप


#### चोरी के आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में चोरी के आरोप में पकड़े गए तीन में से दो नाबालिग पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। फरार नाबालिगों की पुलिस तलाश में जुटी हुई है। इस संबंध में अफसरों से संपर्क करने पर अफसर कुछ भी बताने से बच रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस की टीम नाबालिगों को बाल न्यायालय में पेश करने माना बाल संप्रेक्षण गृह लेकर गई थी। इस दौरान पुलिस गाड़ी में सवार तीन नाबालिग पुलिस के ध्यान हटते ही उन्हें चकमा देकर भाग गए। एक नाबालिग को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। अन्य दो नाबालिग पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कोर्ट में पेशी में लाए गए एक हत्या का आरोपी फरार हो गया था।

#### ब्राउन शुगर तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी के एक फरार आरोपी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी छत्तीसगढ़ सहित कई अन्य राज्यों में ड्रग तस्करी करता था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिछले साल 22 दिसंबर को 11.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस की छापे की कार्रवाई के दौरान चंदन ठाकुर, ऋषभ फरार हो गए थे। पुलिस ने चंदन को नागपुर से गिरफ्तार किया है।

#### दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, थाने का घेराव



**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र के मोमिनपारा में धार्मिक जुलूस को लेकर दो पक्षों में मारपीट करने की घटना सामने आई है। दोनों पक्षों ने आजाद चौक थाने का घेराव कर एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने के साथ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। स्थिति को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तलवार से हमला करने का आरोप लगाया है। दल-बल के साथ पहुंचे अफसर आपसी समझाइश के बाद तनावभरी स्थिति को नियंत्रित करते रहे।

#### नशीली टेबलेट बिक्री मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** कमिश्नरेट रायपुर के डीसीपी सेंट्रल जोन की अगवाई में सिविल लाइंस पुलिस ने नशीली टेबलेट बिक्री के मामले में एक और आरोपी कांटाभांजी ओडिशा निवासी अर्जुन मजखण्ड उर्फ चेनू को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी सप्लायर के रूप में कार्यरत था और नशीली टेबलेट अवैध रूप से ग्राहक तक पहुंचाता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 नग मोबाइल फोन जब्त किया है। इस प्रकरण में दो अन्य आरोपियों दुर्गेश महानंद उर्फ फुला और टाण्डन उर्फ हनी को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामला 3 फरवरी 2026 का है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सिविल लाइंस क्षेत्र, मुक्तिधाम न्यू 2 अंतिनगर के पास दो व्यक्ति अवैध रूप से नशीली टेबलेट रखकर बिक्री के उद्देश्य से ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं।

महापौर मीनल 30 को पेश करेंगी बजट, प्रोफेसर कालोनी के लिए खास योजना

## निगम का 1800 करोड़ से अधिक का बजट महिलाओं, तालाब-उद्यानों पर फोकस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे 30 मार्च को महात्मा गांधी सदन में अपने कार्यकाल का दूसरा निगम बजट प्रस्तुत करेंगी। इस बार का निगम बजट 1800 करोड़ से अधिक का रहेगा, जो पिछली बार के निगम बजट से 275 करोड़ अधिक का प्रस्तावित है। शहरी सरकार के पिटारे में इस बार दुनिया की तीसरी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर रहेगा। खासकर मध्य वर्ग की महिलाओं के लिए महापौर मीनल चौबे के बजट में खास ध्यान रखा गया है।

इसके अलावा शहर के तालाबों के संरक्षण और संवर्धन को ध्यान में रखते हुए सरोवर धरोहर के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया गया है। खेल और खिलाड़ी की जरूरतों को समझते हुए महापौर मीनल चौबे ने शहर के खेल मैदानों की दशा सुधारने और खेल प्रेमियों की खेलभावना का सम्मान करते हुए अपने निगम बजट में विशेष ध्यान दिया है। सबसे बड़ी साल 2050 तक के शहर की आबादी और उसके पेयजल जरूरत की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डूंडा में दस एकड़ जमीन पर शहर का दूसरा आधुनिक जलशोधन संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव है। 130 करोड़ के लागत से प्रस्तावित नए फिल्टर प्लांट की क्षमता 100 एमएलडी की रहेगी।

30 मार्च को महापौर मीनल चौबे गांधी सदन के सामान्य सभागार में वित्तीय वर्ष 2026-27 का निगम बजट प्रस्तुत करेंगी। 1800 करोड़ से अधिक और फायदे की बजट को लेकर अंतिम तैयारी में जुटी महापौर ने संकेत दिया है कि निगम बजट में लोक लुभावन वादे की जगह केवल उन्हीं बातों का समावेश किया जा रहा है

जिसे वे धरातल पर साकार रूप दे सकें। मध्य वर्ग की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने निगम बजट में प्रावधान किया गया है। ,महिलाओं को डिजिटल सुविधा देने और उनकी सुरक्षा पर ध्यान दिया गया है। इसके अलावा तालाब की सफाई और शहर के बगीचों के रखरखाव और उन्हें सुंदर स्वरूप देने निगम बजट में अलग से प्रावधान शहरी सरकार ने किया है।

#### प्रोफेसर कालोनी को जलभराव से निजात दिलाने की योजना

सूत्रों के मुताबिक निगम बजट में शहर के प्रोफेसर कालोनी के बड़े इलाके को बारिश के समय जलभराव से बचाने नई योजना तैयार की गई है। इसके लिए करीबन 2 करोड़ का फंड रखा गया है। योजना के मुताबिक मलसाय तालाब से रिंग रोड तक ड्रेनेज नाला की योजना है। इसी तरह खारुन नदी और बड़े नालों की सफाई के लिए डेढ़ करोड़ की लागत से ड्रेन मास्टर चेन माउंटेन मशीन क्रय की जाएगी। इसके अलावा इस बार अंडरग्राउंड बिजली, सड़क की समस्या पर फोकस किया गया है।

## बड़े बकायादारों पर निगम सख्त, 14 दुकानें सील, 9 ने मौके पर जमा किया टैक्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का राजस्व अमला इन दिनों बड़े बकायादारों से बकाया कर वसूली को लेकर एक्शन मोड में है। शनिवार को नगर निगम जोन 8 की टीम ने बड़े बकायादारों पर बकाया कर वसूली में कड़ाई दिखाते हुए डिमांड नोटिस और अंतिम चेतावनी के बाद भी टैक्स जमा नहीं करने वाले 14 बड़े बकायादारों के व्यावसायिक परिसरों को तत्काल प्रभाव से ताला लगाकर सीलबंद कर दिया। सीलबंदी की कार्रवाई शुरू होते ही 9 बड़े बकायादारों ने मौके पर अपने संपूर्ण बकाया कर का भुगतान कर दिया। वहीं कुछ बकायादारों ने पार्ट पेमेंट किया और शेष राशि 31 मार्च तक जमा कराने लिखित आश्वासन दिया है। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले नगर निगम का राजस्व महकमा बकाया राजस्व वसूली के टारगेट को लेकर अभियान चला रहा है। इस कार्रवाई से ▶▶|शेष पेज 12 पर

- जोन 8 की टीम ने बड़े बकायादारों के खिलाफ चलाया राजस्व वसूली अभियान

#### एक नजर जोन 8 की कार्रवाई पर

- **सीलबंद परिसर** - 14 व्यावसायिक प्रतिष्ठान
- **तत्काल भुगतान** - लीलावती देवी, आनंद सिंह ठाकुर, खूबचंद साहू सहित 9 लोगों ने मौके पर बकाया कर का भुगतान किया।
- **अंतिम मोहलत**- संत रविदास वार्ड के राजदेव प्रसाद ने पार्ट पेमेंट कर 31 मार्च तक का समय लिया।
- जोन 8 के राजस्व वसूली अभियान जोन कमिश्नर राजेवश्वरी पटेल के नेतृत्व में सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल, राजस्व निरीक्षक राजेश मिश्रा सहित उनकी पूरी टीम शामिल रही।

## बांग्लादेश के एयरक्राफ्ट से यात्री नहीं, उड़ रहे कबूतर...10 साल बाद अब उम्मीद भी खत्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर खड़े बांग्लादेश के एयरक्राफ्ट से यात्री नहीं कबूतर उड़ते हैं। दस साल से अधिक समय से एक ही जगह पर खड़े रहने की वजह से वह कबाड़ में तब्दील हो चुका है। नीतिगत मामला होने की वजह से इस विमान की वापसी नहीं हो सकी है। सौ से ज्यादा ई-मेल भेजने के बाद भी उस ओर से बेहतर रिस्पांस नहीं मिलने पर वि मा न त ल प्रबंधन ने भी उसका नियमित रख रखाव बंद कर दिया है।

करीब ढाई सौ यात्रियों को लेकर ढाका से मस्कट जा रहे यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान में तकनीकी खराबी आई थी। उसे आपात स्थिति में रायपुर एयरपोर्ट में लैंड कराया गया था। सकुशल उतरे यात्रियों को दूसरे दिन अन्य माध्यमों से रवाना कर दिया गया था। एयरक्राफ्ट बिगड़ने की वजह से यहां खड़ा रह गया था, जो अब तक मौजूद है। दस साल से ज्यादा समय बीतने और ऑपरेशन एरिया से दूर होने की वजह से उसका मेंटेनेंस बंद हो चुका है।

सालों से एक ही स्थान पर खड़े रहने की वजह से एयरक्राफ्ट में अन्य परिंदों के साथ कबूतरों का बसेरा हो चुका है, जो विमान के आसपास मंडराते रहते हैं। विमान का उपयोग कुछ साल पहले सुरक्षा बलों के पूर्वाभ्यास के लिए किया जाता था, बाद में सुरक्षागत कारणों से इसे बंद कर दिया गया ▶▶|शेष पेज 12 पर

- अगस्त 2015 में हुई थी फ्लाइट की रायपुर में इमरजेंसी लैंडिंग, खड़े-खड़े कबाड़ हो चुका

#### बंद हो चुकी विमानन कंपनी

*सूत्रों का कहना है कि एयरक्राफ्ट जिस यूनाइटेड एयरवेज का था, वह करीब नौ साल पहले बंद हो चुकी है। इसी वजह से शुरुआती दिनों में किए जाने वाले ई-मेल को रिस्पांस नहीं मिल पाया था। हालांकि बांग्लादेश से वर्ष 2019 में कंपनी के इंजीनियरों ने यहां आकर विमान को सुधारने का प्रयास किया था। इस दौरान उसे रनवे से 300 मीटर दूर खिसकाया गया था।*

#### नीलामी पर नहीं बनी बात

*वर्ष 2023 में इस विमान की नीलामी कर पार्किंग किराया (जो अब पांच से सात करोड़ हो चुके) चुकाने की बात सामने आई थी। बांग्लादेश से इस बारे में सहमति नहीं मिलने की वजह से प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई थी। जानकारों का कहना है कि विमान के बारे में तब तक कोई फैसला नहीं लिया जा सकता जब तक बांग्लादेश की ओर से सहमति ना मिले।*

#### पैसे नहीं देने पर मारपीट नाबालिग सहित दो अरेस्ट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट करने के आरोप में एक युवक तथा उसके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है।



रा जा ता ला ब निवासी नुमान खान की शिकायत पर पुलिस ने मोहतसीन खान तथा नाबालिग को पकड़ा है। नुमान ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी की वह राजातालाब में एक दुकान में सामान खरीदने के लिए गया था। मोहतसीन तथा उसके नाबालिग साथी ने नुमान से नशा करने दो हजार रुपए देने मांग की। पैसे देने से इनकार करने पर बदमाशों ने नुमान के साथ मारपीट की।

हर 10 में से तीन बगैर हेलमेट के नाम से दोपहिया वाहन चालकों के पास पहुंच रहा ई-चालान

## शहर के अंदर बिना हेलमेट ई-चालान दोपहिया वाहन चालक हुए हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के अंदरूनी इलाकों में लोगों की मांग पर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने से छूट दी गई थी। शहर में जब से पुलिस कमिश्नरेट प्रथा लागू हुई है, बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने पर ई-चालान कट रहा है। स्थिति ऐसी है कि शहर में एक दिन में औसतन चार सौ के करीब ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ई-चालान काटे जा जा रहे हैं। जो ई-चालान काटे जा रहे हैं, उनमें सौ से सवा सौ के बीच बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ ई-चालान कट रहा है।

पिछले साल की तुलना में इस वर्ष जनवरी से मार्च के बीच ट्रैफिक उल्लंघन



करने वालों के खिलाफ 35 हजार के करीब ई-चालान काटे गए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पौने दो गुना ज्यादा कार्रवाई की गई है। ई-चलान से ट्रैफिक पुलिस को तीन करोड़ रुपए के करीब राजस्व मिला है। पिछले साल इस अवधि में 20 हजार ई-चालान काटे गए थे। ट्रैफिक ▶▶|शेष पेज 12 पर

#### कार्रवाई जारी रहेगी

*ऐसा नहीं है, रोड एक्सीडेंट होने पर दोपहिया वाहन चालकों की मौत हाईवे पर होती है। पिछले दिनों सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में जिस छात्र की मौत रोड एक्सीडेंट में हुई थी, उसके सिर पर टो व्हीकल का चक्का नहीं चढ़ा था। छात्र का सिर गाड़ी से टकरा गया। छात्र हेलमेट पहना होता, तो जान बच सकती थी।*

*-विकास कुमार*
*डीसीपी ट्रैफिक*

#### ऑपरेटर सिस्टम में अपलोड कर भेजते हैं चालान

इंटिग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के तहत लगाए गए कैमरे की ट्रैफिक थाना के साथ जयस्तंभ चौक स्थित मल्टी लेवल पार्किंग में ट्रैफिक पुलिस के अलग से स्टाफ निगरानी करते हैं। निगरानी करने वाले बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने वाले वाहन चालक की उनकी गाड़ी नंबर के आधार पर जानकारी निकालकर सिस्टम में अपलोड कर चालानी कार्रवाई करते हैं। बताया जा रहा है लोगों को हेलमेट पहनने प्रेरित करने बगैर हेलमेट वाहन चलाने वाले ज्यादा से ज्यादा दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ चालनी कार्रवाई करने निर्देश दिए गए हैं।

रीचार्ज नहीं कराया तो नहीं मिलेगी बिजली

## एक अप्रैल से 45 हजार सरकारी कनेक्शन होंगे प्रीपैड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भी अब मोबाइल की तरह की रीचार्च कराने पर बिजली मिलेगी। हालांकि अभी इस योजना से आम जनता को राहत है, लेकिन आने वाले समय में आम जनता के बिजली कनेक्शन भी प्रीपैड हो जाएंगे। पहले चरण में सरकारी विभागों के कनेक्शनों को प्रीपैड किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार की सहमति मिल गई है। पहले चरण में ब्लाक स्तर के सभी सरकारी विभागों के कनेक्शन एक अप्रैल से प्रीपैड हो जाएंगे। करीब 45 हजार सरकारी कनेक्शनों को तीन माह का रीचार्ज करना होगा। इसी के साथ अलग-अलग चरणों में प्रदेश के सभी 1.72 लाख बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड कर दिया जाएगा। मार्च तक सरकारी विभागों पर जितना भी बकाया होगा, उसको फ्रीज कर दिया जाएगा। इस बकाया को प्रदेश सरकार किस्तों में पॉवर कंपनी को देगी।

- पहले चरण में ब्लाक स्तर के सभी सरकारी विभाग शामिल


सरकारी दफ्तरों से बिजली बिल बकाया वसूली के लिए चलेगा अभियान



प्रदेशभर में पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। 1.72 लाख सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसमें से करीब डेढ़ लाख में ये मीटर लग गए हैं। बचे करीब 22 हजार मीटरों को भी लगाने का काम तेजी से हो रहा है। ये मीटर पंचायतों और आंगनबाड़ी के ही ज्यादा बचे हैं। संभावना जताई जा रही है कि कनेक्शन प्रीपैड होने से पहले बचे स्मार्ट मीटर भी लग जाएंगे।

#### तीन हजार करोड़ बकाया

सरकारी विभागों पर बकाया लगातार बढ़ते जा रहा है। बीते साल अगस्त में यह बकाया 1988 करोड़ था जो बढ़ते-बढ़ते मार्च 2025 में 2444.91 करोड़ हो गया था। अब यह बकाया करीब तीन हजार करोड़ हो गया है। इसमें सबसे बड़ा बकाया नगरीय निकायों पर दो हजार करोड़ से ज्यादा का है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 600 करोड़ से ज्यादा है। इसी के साथ अन्य विभागों पर एक करोड़ से लेकर सौ करोड़ तक का बकाया है। यह बकाया मार्च तक 35 सौ करोड़ तक हो सकता है। इस बकाया को प्रदेश सरकार विभागों के बजट से ही किस्तों में पॉवर कंपनी को देगी। प्रदेश सरकार के किस्तों में बकाया मिलने भी लगा है। एक किस्त में छह सौ करोड़ मिल गए हैं।

#### तीन-तीन माह का करना होगा रीचार्ज

*पहले चरण में ब्लाक स्तर पर करीब 45 हजार सरकारी बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी है। इन सभी कनेक्शनों के विभागों को अपने बजट से तीन-तीन माह का रीचार्ज कराना होगा। जिस विभाग का एक माह का जितना बिल आता है, उसको देखते हुए तीन माह के बिल के बराबर की राशि का रीचार्ज कराना होगा। इस रीचार्ज के समाप्त होने से पहले आने वाले तीन माह के लिए फिर से रीचार्ज कराना होगा।*

## खबर संक्षेप



### बकाया अदा नहीं किया संस्थान सील

रायपुर। नगर निगम जोन 1 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के निर्देश पर जोन के राजस्व विभाग की टीम ने भनपुरी में बड़े बकायदार एल शारदा के संबंधित प्रतिष्ठान को 2,17,711 रुपए के बकाया कर का भुगतान जमा नहीं करने सीलबंद की कार्रवाई की गई। सीलबंद के दौरान स्थल पर ही संबंधित 3 बड़े बकायादारों द्वारा 4,48,325 रुपए के बकाये की राशि का तत्काल भुगतान कर दिया गया। सीलबंदी कार्रवाई अभियान मेंजोन कार्यपालन अभियंता द्रोनी कुमार पैकरा, जोन सहायक राजस्व अधिकारी मनीष मरकाम, राजस्व निरीक्षक आशीष शर्मा, संतोष साहू और सहायक राजस्व निरीक्षक अरविंद छेदइया की स्थल पर उपस्थिति रही।

### औद्योगिक क्षेत्र को कमर्शियल गैस आपूर्ति पर लगी रोक हटी

रायपुर। औद्योगिक क्षेत्र की इकाईयों को कमर्शियल गैस आपूर्ति पर लगी रोक हटा दी गई है। यह रोक 27 मार्च तक लगाई गई थी। साथ ही प्रदेश में कमर्शियल गैस की आपूर्ति भी 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दी गई है। शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश में पेट्रोलियम गैस को लेकर समीक्षा बैठक में इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में रायपुर संभाग के आयुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर गौरव सिंह सहित जिले से अन्य अधिकारी भी शामिल रहे।

### गौरव बने 'मन की बात' के प्रदेश सहप्रभारी



रायपुर। भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश नेतृत्व ने संगठन को और अधिक गतिशील बनाने के लिए व्यापार प्रकोष्ठ में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से गौरव मंधानी को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ का प्रदेश सहप्रभारी (मन की बात) नियुक्त किया गया है। इस नई जिम्मेदारी पर हर्ष व्यक्त करते हुए श्री मंधानी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल का आभार जताया है।

### दिवंगत सुभद्रा झा का पार्थिव शरीर मेकाहारा को दान



रायपुर। इंद्रावती कॉलोनी निवासी सुभद्रा झा (87) का 28 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम इच्छानुसार देहदान शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर में 29 मार्च को शाम 5 बजे किया जाएगा। वे एडवोकेट आशीष झा और मनीषा पाराशर की माता थीं।

## निधन

### प्रेमलता अग्रवाल



रायपुर। वीआईपी रोड, मौलश्री विहार निवासी प्रेमलता अग्रवाल का 28 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 मार्च को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे बिशनलाल अग्रवाल की पत्नी और देवेंद्र, गणेश, आशा की माता एवं पूरनलाल, कैलाश, राजेंद्र प्रसाद, गोपालकृष्ण, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, अशोक, विजय, योगेश, यशवंत की चाची थीं।

### महावीर प्रसाद बाकलीवाल



रायपुर। सन्मति नगर, फाफाडीह निवासी महावीर प्रसाद बाकलीवाल का 28 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे राजकुमार, जितेंद्र, कन्नू एवं सोनू के पिता थे।

# करीं तालाब बना नशेड़ियों का अड्डा, ऑक्सीजन की कमी से तालाब की मछलियां मर रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


- नशेड़ी तालाब से सटे सीएसईबी कार्यालय के स्टोर से मीटर चोरी कर तांबा निकाल पार्ट्स खुले में फेंक रहे

आजाद चौक से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर आमापारा स्थित करीं तालाब नशेड़ियों तथा अपराधियों का अड्डा बन गया है। नशेड़ी तथा अपराधिक तत्व तालाब के पास पूरे दिन गांजा पीने के साथ शराबखोरी करने सहित आए दिन लड़ते रहते हैं। तालाब से सटे सीएसईबी के स्टोर से अपराधी पुराने खराब मीटर चोरी कर मीटर से तांबा निकाल कर बेच रहे हैं। तालाब की हालत यह है कि ऑक्सीजन की कमी के कारण तालाब की मछलियां मर रही हैं। तालब की सफाई के लिए नगर निगम किसी तरह से ध्यान नहीं दे रहा।

स्थानीय रहवासी ने हरिभूमि को फोटो, वीडियो भेज कर बताया है कि शाम पांच बजे से देर रात तक शराबी तथा गांजा पीने वाले झुंड बनाकर नशा करते हैं। साथ ही आपस में एक दूसरे के साथ झगड़ते रहते हैं। इसी तरह सुबह पांच बजे से नौ बजे तक नशेड़ी तालाब के चारों तरफ कब्जा कर नशा करते रहते हैं। लोगों के विरोध करने पर बदमाश उनके साथ गाली-गलौज करने के साथ मारपीट करने के लिए उतारू हो जाते हैं।

## नशेड़ियों तथा गंदगी के कारण मार्निंग के साथ इवनिंग वाक करने वालों को हो रही परेशानी







### वाक पर निकलने वालों को होती है परेशानी

स्थानीय रहवासियों ने बताया है कि तालाब में सुबह शाम भारी संख्या में लोग वाक करने के लिए आते हैं। तालाब में पसरी गंदगी तथा नशेड़ियों की वजह से वाक करने आने वाले लोग परहेज करने लगे हैं। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि बदमाश तालाब किनारे बने पाथवे का टाइल्स उखाड़ कर ले जा रहे हैं। बावजूद इसके नगर निगम के साथ पुलिस कर्मी तालाब की सुध नहीं ले रहे। नाली का पानी तालाब में आने से पूरी तरह से प्रदूषित हो गया है। इसके कारण पानी में ऑक्सीजन की कमी हो गई है और तालाब की मछलियां मर रही हैं।

# अप्रैल में आएगी केंद्रीय टीम, तैयारी अधूरी, मुक्कड़ रोकेंगे रैंकिंग का रास्ता

## सूखा-गीला कचरा एक साथ, पब्लिक फीडबैक में मिले थे कम नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिल में दिल्ली से केन्द्रीय टीम रायपुर शहर की सफाई व्यवस्था का सर्वेक्षण करने अप्रैल में रायपुर आएगी। स्वच्छता सर्वेक्षण की देशव्यापी स्पर्धा में टॉप 3 रैंकिंग पर लाने नगर निगम प्रशासन जुटा हुआ है। दर्जनभर मुक्कड़ रैंकिंग का रास्ता रोकेंगे। सूखा और गीला कचरा को अलग-अलग कर सफाई मित्र को देने का सिस्टम ही पूरे शहर में नदारद है। नगर निगम शहर के 70 वार्डो में अलग-अलग रंग के डस्टबिन के वितरण की व्यवस्था नहीं बना पाया है। सबसे बड़ी चुनौती पब्लिक फीडबैक को लेकर रहेगी। इसमें पिछली बार रायपुर शहर को कम नंबर मिले थे। पूर्व में हुए सर्वे में जहां सिटीजन फीडबैक पर 1500 अंक रखे गए, अब उसे बढ़ाकर 3500 अंक कर दिया गया है।

### रेड और यलो स्पॉट पर कटेंगे अंक

दस लाख से अधिक आबादी वाले 46 शहरों के बीच हो रही स्वच्छता सर्वेक्षण की स्पर्धा में कुल 12,500 अंक रखे गए हैं। इनमें 10,500 अंक स्थल आधारित मूल्यांकन से जुड़े हैं। यदि केन्द्रीय टीम को सर्वे के दौरान दीवारों पर पान की पीक दिखी, तो सीधे अंक कटेंगे। यलो स्पॉट जैसे दृश्य स्वच्छता रैंकिंग को उपर या नीचे लाने में अहम भूमिका निभाएंगे। यानी साफ दिखाई देने वाली गंदगी शहर की रैंकिंग पर असर डालेगी।



### गीला-सूखा कचरा एक साथ

नगर निगम के 70 वार्डो में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के दौरान ठेका कंपनी रामकी को लोगों के घरों से हरे व नीले रंग के डस्टबिन में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर लेना है। लेकिन धरातल पर इसकी उलट स्थिति होने से केन्द्रीय टीम द्वारा इसकी माइनस मार्किंग हो सकती है। जनजागरूकता और प्रचार-प्रसार की कमी के चलते इस बार भी कमोबेश वही स्थिति बनी हुई है, जो पिछले बार स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान नजर आई। इस बार भी सर्वेक्षण के लिए आ रही टीम की नजर इस पर रहेगी।

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 शहरी के अंतर्गत 10वां संस्करण**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में इस बार नियम और सख्त होने से रायपुर शहर को देश के सबसे साफ-सुथरे शहर की टॉप 3 रैंकिंग में पहुंचना आसान नहीं रहेगा। इस सर्वेक्षण में नागरिकों की भूमिका केवल तय समय में शिकायत करने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह सालभर चलने वाली प्रक्रिया होगी। नए सर्वे में नागरिक स्वच्छता एप के साथ वोट फार माय सिटी पोर्टल और क्यूआर कोड के जरिए पूरे सालभर राय दे सकेंगे। इस बार के सर्वे के नगर निगम के दावों की पुष्टि नागरिक ही करेंगे। इसीलिए रैंकिंग में टॉप 3 की राह आसान नहीं है।

### गारबेज फ्री बनने में रोड़ा, 2 दर्जन मुक्कड़

रायपुर नगर निगम के लिए एक बड़ी चिंता गारबेज फ्री सिटी के लिए होने वाले केन्द्रीय सर्वेक्षण को लेकर है, जिसमें मुक्कड़ मुक्त शहर बनने की राह में अभी शहर के 2 दर्जन मुक्कड़ बाधा बने हुए हैं। इस श्रेणी में 1000 अंक रखे गए हैं। अब तक हुए देशव्यापी केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर शहर ने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी धाक बरकरार रखी। लगातार 5 साल तक इंदौर को देश के नंबर वन स्वच्छ शहर होने का तमगा मिला। पिछले बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर और गुजरात को संयुक्त रूप से देश का नंबर वन स्वच्छ शहर घोषित किया गया। शहर के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित 2 दर्जन मुक्कड़ को रायपुर नगर निगम हटा नहीं पाया है। जहां लोग आज भी रोजाना गीला और सूखा कचरा बिना हिचक डाल रहे हैं। जोन स्तर पर न तो शहर को मुक्कड़ मुक्त बनाने ठोस प्रयास हुए और न ही निगम मुख्यालय से इसकी पहल हुई। विदित हो कि शहर के मध्य स्थित नगर निगम जोन 2 क्षेत्र में सबसे ज्यादा 5 मुक्कड़ शामिल हैं। इस बार भी स्वच्छता सर्वेक्षण में यह चूक निगम को भारी पड़ सकती है।

# फॉरेन टूर का झांसा देकर देश के अलग अलग राज्यों में तीन करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह का साथी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- टूर एंड ट्रैवल्स संचालकों को बनाते थे ठगी का शिकार, तीन करोड़ से ज्यादा की ठगी



फॉरेन टूर जाने का झांसा देकर ट्रैवल्स कारोबारियों को ठगी का शिकार बनाने वाले गिरोह के मास्टर माइंड को पुलिस ने उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के दो साथी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है। गिरफ्तार आरोपी और उनके साथी रायपुर के ट्रैवल्स कारोबारी से 20 लाख तथा देश के अन्य राज्यों में 22 ठगी की वारदात कर तीन करोड़ की अब तक ठगी कर चुके हैं।

हरदीप सिंह होरा की शिकायत पर पुलिस ने लखनऊ से अमन शर्मा को गिरफ्तार किया है। हरदीप सिंह एयर टिकट, होटल बुकिंग तथा टूर पैकेज का कार्य करते हैं।

अमन ने हर्षित अग्रवाल बन कर एक मार्च को वाट्सएप्प कॉल कर अमेरिका, लंदन में होटल बुकिंग कराने की बात कही। इसके बाद हरदीप ने व्हाट्सएप्प चैट के माध्यम से होटल के विकल्प भेज दिए। इसके बाद उस व्यक्ति ने पुनः कॉल कर बैंक खाता विवरण मांगा और अगले दिन भुगतान करने की बात कही। जालसाज ने दूसरे दिन हरदीप को करेंसी टॉवर के जेनेट को-वर्किंग स्पेस में मिलने बुलाया।

### रुपए डॉलर में कन्वर्ट कराने का झांसा देकर रुपए ले उड़े

जालसाज हरदीप को मिलने के लिए बुलाने के बहाने 18 तथा 20 हजार यूएसडी और जीबीपी साथ लेकर आने कहा। इसके बाद जालसाज का एक और साथी रक्षित अग्रवाल ने भारतीय मुद्रा देने का झांसा दिया। मौके पर उपस्थित जालसाज का साथी नोट गिनने की मशीन लाने की बात कहकर केबिन से बाहर चला गया। इसी दौरान हर्षित अग्रवाल बने अमन शर्मा ने फोन पर हरदीप को बातचीत में उलझाया और रुपए लेकर फरार हो गया।

## बिजनेस साइट

### साईं बाबा नेत्र चिकित्सालय में निशुल्क लेसिक सर्जरी शिविर 12 अप्रैल को



रायपुर। साईं बाबा नेत्र चिकित्सालय, द्वारा 12 अप्रैल को एक दिवसीय निशुल्क लेसिक सर्जरी शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में केवल 20 चयनित मरीजों को मुफ्त सर्जरी का लाभ मिलेगा। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार पहले चरण में 100 मरीजों को चश्मा मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया था, जिससे मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद अब दूसरे चरण की घोषणा की गई है। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. आशीष महोबिया ने बताया कि सीमित सीटों के कारण पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक मरीजों को पहले आंखों की जांच कराकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा, जिसकी अंतिम तिथि 5 अप्रैल है। विशेषज्ञों की जांच के आधार पर ही मरीजों का चयन किया जाएगा। अस्पताल में आधुनिक टचलेस लेसिक तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा सुरक्षित एवं प्रभावी उपचार प्रदान किया जा रहा है। नागरिकों से समय पर पंजीकरण कराने की अपील की गई है।

### गुरु तेगबहादुर हॉल में बालाजी सेल का 'मेगा मार्च क्लोजिंग ऑफर'



रायपुर। शहर में इन दिनों गुरु तेगबहादुर हॉल में आयोजित बालाजी सेल का 'मेगा मार्च क्लोजिंग ऑफर' लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सीमित अवधि के इस आयोजन में बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंच रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, माह के अंत तक पूरे स्टॉक को समाप्त करने के उद्देश्य से यह विशेष सेल लगाई गई है, जिसमें विभिन्न प्रकार के परिधानों पर भारी छूट दी जा रही है। सेल में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं के लिए फैशनेबल कपड़ों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। महिलाओं के लिए कुर्ती, फैंसी टॉप और समर स्पेशल साड़ियां प्रमुख आकर्षण हैं, वहीं पुरुषों के लिए कॉटन शर्ट, कैजुअल वियर और स्पोर्ट्स टी-शर्ट उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा जींस, कैप्री और अन्य परिधान भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन शहर में पहली बार इतने बड़े स्तर पर किया जा रहा है। लगातार बढ़ती भीड़ से साफ है कि लोगों में इस ऑफर को लेकर खासा उत्साह है।

### मुंगेर आश्रम में मैट्स यूनिवर्सिटी योग विभाग का शैक्षणिक भ्रमण



रायपुर। मैट्स यूनिवर्सिटी के शारीरिक शिक्षा एवं योग विभाग द्वारा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए छह दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह यात्रा बिहार योग विद्यालय मुंगेर में संपन्न हुई, जो विश्वस्तरीय योग एवं आध्यात्मिक साधना केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्रातःकालीन योगाभ्यास, ध्यान, प्राणायाम एवं सत्संग में भाग लेकर योग के व्यावहारिक पहलुओं को समझा। उन्हें हठयोग, राजयोग, कर्मयोग एवं ज्ञानयोग की विस्तृत जानकारी भी दी गई। 5डी वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से मानव शरीर पर योग के प्रभावों का वैज्ञानिक अध्ययन कराया गया। इस अवसर पर स्वामी निरंजनानंद सरस्वती से भेंट विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रही। उन्होंने योग को जीवनशैली के रूप में अपनाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने रिखिया पीठ का भी भ्रमण किया। कुल 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह यात्रा ज्ञानवर्धक और अविस्मरणीय सिद्ध हुई। इस सफल आयोजन के पीछे कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. (डॉ.) केपी यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलसचिव गोकुलानंद पांडा तथा विभागाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह का योगदान रहा।

# मिलरों की सुस्ती, धान का उठाव धीमा खरीदी केंद्रों में 14.14 लाख टन शेष

## 85 प्रतिशत से अधिक धान उठाव, कांकेर, बस्तर के खरीदी केंद्रों में 25 प्रतिशत धान भी नहीं उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में धान खरीदी के बाद खरीदी केंद्रों में उठाव तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में 25 लाख किसानों से 141.10 लाख टन धान की खरीदी की गई थी। खरीदी पूरा होने के बाद खरीदी केंद्रों से मार्कफेड और संग्रहण केंद्रों के लिए धान का उठाव जारी है। अब तक 85 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव कर लिया गया है। मिलरों ने अब तक 110.65 लाख टन और संग्रहण केंद्रों के लिए 16.10 लाख टन धान का उठाव किया गया है। खरीदी केंद्रों में अब 14.14 लाख टन से अधिक धान उठाव के लिए शेष है। वहीं मिलरों द्वारा उठाव में सुस्ती दिखाए जाने के कारण कई जिलों में उठाव की गति धीमी है।

मार्कफेड के माध्यम से हो रहे उठाव में मिलरों को उठाव के लिए डीओ जिला प्रशासन के द्वारा लगातार जारी किए जा रहे हैं। केंद्रीय पुल में छत्तीसगढ़ को वर्ष 2025-26 में जमा किए जाने वाले चावल की मात्रा का ध्यान में रखते हुए मिलरों को मिलिंग के लिए धान दिया जा रहा है। वहीं संग्रहण केंद्रों में धान को सुरक्षा की दृष्टिकोण से रखा जा रहा है। इधर धान खरीदी का काम पूरा होने के बाद कई खरीदी केंद्रों में रखे धान को लेकर समितियों में सूखत का खतरा बढ़ गया है। अधिकारियों के अनुसार धान उठाव करने के लिए 31 मार्च का डेट लाइन तय किया गया है।

### कांकेर में सबसे ज्यादा और सारंगढ़-बिलाईगढ़ सबसे कम शेष

धान उठाव की स्थिति देखे तो मैदानी जिलों में धान का उठाव तेजी से कर लिया गया है। यहां पर 80 से 85 फीसदी धान का उठाव कर लिया गया है। वहीं बस्तर संभाग के कई जिलों में अब तक 75 फीसदी धान का उठाव किया गया है। कांकेर जिले में सबसे अधिक 1 लाख 67 हजार टन धान का उठाव शेष है। यहां पर कुल 5 लाख टन से अधिक की धान खरीदी की गई थी। वहीं बस्तर जिले में 1 लाख 59 हजार टन धान का उठाव शेष है। कोंडागांव में 1 लाख 32 हजार टन और राजनांदगांव में 1 लाख टन से अधिक धान का उठाव बाकि है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के खरीदी केंद्रों में सबसे कम 1282 टन धान का उठाव शेष है।

### नान के लिए चावल जमा

धान उठाव के साथ की केंद्रीय पुल में चावल जमा करने का कार्य भी जारी है। मिलरों ने अब तक नान में 14 हजार टन से अधिक चावन जमा कर दिए है। मिलरों ने एफसीआई में चावल जमा कराना अभी शुरू नहीं किया है एफसीआई में रैक लगने में देरी के चलते अभी पिछले साल का चावल जमा होने के बाद इस साल का चावल जमा किया जाएगा।

## पेज 11 के शेष ...

### समय बदला पर मूड नहीं....

होने के बाद शा. स्कूलों में शिक्षण सत्र की शुरुआत जुलाई से होगी, मगर निजी स्कूल 1 अप्रैल से खुल जाएंगे और 20 से 25 दिन लगने वाली कक्षाओं में बच्चे परेशान होते रहेंगे। आज स्कूल प्रबंधन की लापरवाही का नजारा सरकारी स्कूल छत्तीसगढ़ नगर में देखने को मिला। ताला नहीं खुलने की वजह से छोटे बच्चों के साथ महिला शिक्षकों को भी काफी देर तक बाहर इंतजार करना पड़ा।

### बड़े बकायादारों पर निगम ....

न केवल निगम के खजाने में राजस्व की वृद्धि हुई है, बल्कि शहर के विकास कार्यो के लिए फंड जुटाने में मदद मिलेगी। नगर निगम की टीम ने शनिवार को जैसे ही वीर सावरकर वार्ड, जवाहरलाल नेहरू वार्ड, शहीद भगत सिंह वार्ड और संत रविदास वार्ड में दलबल के साथ बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली के लिए पहुंची, बकायादारों में हड़कंप मच गया। वीरसावरकर वार्ड में प्रीतम सिंह जीत सिंह के 5.29 लाख और हरवंश सिंह 4 लाख 52 हजार बकाया राशि सहित अन्य बड़े बकायादारों को डिमांड नोटिस और अंतिम सूचना के बाद भी बकाया कर जमा नहीं कराने पर उनकी दुकानें सील की गई। इसी तरह पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड में निखिल ट्रेडर्स और संतोषी देवी 8.36 लाख के परिसरों पर ताला जड़ा गया। इसी तरह डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड, शहीद भगत सिंह वार्ड में गोपाल खरे, नीलिमा चौधरी, अमरजीत सिंह जैसे बड़े बकायादारों पर बकाया कर जमा नहीं कराने पर कार्रवाई हुई।

### शहर के अंदर ....

उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से सवा करोड़ रुपए का जुर्माना वसूला गया था। ***कार्रवाई से बचने नंबर प्लेट में छेड़छाड़*** : बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने पर सबसे ज्यादा ई-चालान घड़ी चौक के साथ जयस्तंभ चौक स्थित मल्टी लेवल पार्किंग के पास कट रहे। इसके अलावा कलेक्टोरेट चौक के साथ संतोषी नगर ओवरब्रिज, पचपेड़ी नका, पुजारी पार्क के पास कट रहे। ई-चालान से बचने कई दोपहिया वाहन अपने गाड़ी के नंबर प्लेट में टेंपरिंग करने के साथ प्लेट में कीचड़, गोबर लगाकर चालानी कार्रवाई से बचने की कोशिश कर रहे। ***कार्रवाई में इसलिए बढ़ोतरी*** : ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई में वृद्धि होने का एक बड़ा कारण वाहन मालिकों का पूर्व में मोबाइल नंबर के साथ एड्रेस अपडेट नहीं था। इस वजह से चालानी कार्रवाई कम होती थी। वर्तमान में जिन वाहन वाहन मालिकों का मोबाइल नंबर के साथ एड्रेस अपडेट नहीं था, उसे अब अपडेट कर लिया गया है। ***लोगों की मांग कार्रवाई हो लेकिन हाईवे पर*** : महावीर नगर निवासी एक युवक जिसका बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने पर दो माह के भीतर सात ई-चालान कटा है, उसके जैसे कई और अन्य दोपहिया वाहन चालक हैं, जिन लोगों का बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने पर ई-चालान कटा है। उन लोगों ने हाईवे पर बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते पाए जाने पर ई-चालान काटे जाने का समर्थन किया है।

### बांग्लादेश के एयरक्राफ्ट ....

और एयरपोर्ट स्टाफ को भी उधर जाने से मना कर दिया गया। एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा एयरक्राफ्ट की वापसी का मामला केंद्रीय स्तर का होने का तर्क दिया जा रहा है, वहीं जानकार सूत्रों का कहना है कि ऐसे विमान की वापसी के लिए अब तक कोई नियम ही नहीं बना है। **कबूतरों को हटाने फायर** : सूत्रों के मुताबिक इस एयरक्राफ्ट में कबूतरों का काफी संख्या में बसेरा है, जो अक्सर एयरपोर्ट के ऊपर मंडराते रहते हैं। नियमित विमानों की आवाजाही के दौरान ये परिंदे ऑपरेशन एरिया से दूर रहें, इसके लिए बर्ड स्केयर कैनन गन का लगातार उपयोग करना पड़ता है। टेकऑफ अथवा लैंडिंग के दौरान फ्लाइट से किसी पक्षी के टकराने से बड़े हादसे भी हो सकते हैं।

# सतनामी समाज ने बलिदान दिवस पर गुरु बालकदास को किया याद



रायपुर। महान प्रतापी राजा व बाबा गुरु घासीदासजी के द्वितीय पुत्र वीर बलिदानी राजा गुरु बालकदास का 166वां बलिदान दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम सतनामी समाज के लोगों ने न्यू राजेंद्रनगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में गुरुजी के छायाचित्र पर मंगल आरती व श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए मनाया। इसी दौरान यूपीएससी, सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 946 वां रैंक प्राप्त कर प्रदेश व सतनामी समाज का गौरव बढ़ाने वाले संजय डहरिया को प्रतीक चिन्ह, शॉल, बुके व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर फिल्म निर्माता डॉ. जेआर सोनी द्वारा निर्मित बड़े पर्दे की फिल्म वीर बलिदानी राजा गुरु बालकदास को छग के कोने-कोने में लाखों सतनामियों के बीच बड़े पर्दे पर दिखाकर उनकी संपूर्ण जीवन चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समाजजनों ने डॉ. सोनी का आभार जताया। इसी दौरान मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष केपी खण्डे, डॉ. जेआर सोनी, डीएस पात्रे, केएन भारद्वाज, चेतन चंदेल, सुंदरलाल जोगी, खेदु बंजारे आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### टीला एवं पाहंदा में 30 तक मानस गान स्पर्धा

**अभनपुर।** क्षेत्र के ग्राम टीला एवं पाहंदा(चंपारण)मे त्रि दिवसीय संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा है। 27 मार्च से आयोजित मानसगान प्रतियोगिता मे विभिन्न क्षेत्रो से आये रामायण मंडलियो द्वारा श्री रामचरितमानस के सुंदर कांड,बाल कांड,अध्योया कांड सहित अन्य प्रसंगो पर संगीतमय गायन कर रही है जिससे क्षेत्र मे भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। उक्त प्रतियोगिता का समापन 30 मार्च को होगी जहां ग्राम टीला मे कैबिनेट मंत्री व धर्म गुरू खुशवंत साहेब,विधायक इन्द्रकुमार साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि,समाजाजिकजन शामिल होगे।

### रविव की प्रावीण्य सूची प्रतीक्षा चौथे स्थान पर

**तरपोंगी।** मोहदा निवासी कु प्रतीक्षा वर्मा ने एम एस सी फाइनल



भौतिक शास्त्र में 81.5 प्रतिशत अंक लेकर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में चौथा स्थान प्राप्त कर विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया है। वे पं श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा की छात्रा है।इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षक व माता,पिता को दी है।

### मृदा परीक्षण पर हुआ जागरूकता सेमिनार

**अभनपुर।** पीएम श्री सेजेस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय अभनपुर में कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण विषय पर जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मृदा की गुणवत्ता, आवश्यक पोषक तत्वों तथा वैज्ञानिक खेती के महत्व से परिचित कराना था। सेमिनार में अधिकारियों ने नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश जैसे प्रमुख तत्वों की जानकारी देते हुए मृदा परीक्षण की प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। साथ ही विद्यालय परिसर से मृदा नमूने लेकर परीक्षण की विधि का प्रदर्शन भी किया गया।इस अवसर पर कृषि अधिकारी पद्मेश शर्मा, संध्या सिंह, प्राचार्या डॉ. तारा त्रिपाठी,हेमंत कुमार साहू, सुजाता शर्मा, जे. के. तनेजा एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## निधन

### बसंत कुमार साहू

**आरंग।** ग्राम टीला निवासी बसंत



कुमार साहू का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे विश्वासा के पति नंदकुमार व डोमेन्द्र साहू के पिता थे।

---

**महोत्सव :** नवीन तहसील कार्यालय का होगा लोकार्पण

# मुख्यमंत्री 31 मार्च को देंगे 133 करोड़ की सौगात, कुंवरगढ़ महोत्सव में मनेगा जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार विकास के अपने वादे को धरातल पर उतारने के लिए तैयार है। आगामी 31 मार्च को धरसींवा विधानसभा क्षेत्र एक ऐतिहासिक बदलाव का गवाह बनने जा रहा है, जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रसिद्ध 'कुंवरगढ़ महोत्सव' के गरिमामय मंच से क्षेत्र के भविष्य की नई इबारत लिखेंगे। स्थानीय विधायक अनुज शर्मा की विशेष सक्रियता और दूरदर्शी पहल के परिणामस्वरूप, मुख्यमंत्री इस प्रवास के दौरान लगभग 133 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक उत्सव भर नहीं, बल्कि धरसींवा के बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी सुधार लाने वाला एक बड़ा सरकारी अभियान साबित होने जा रहा है।




इस दौरे का सबसे महत्वपूर्ण और भावनात्मक पहलू धरसींवा वासियों की दशकों पुरानी मांग का पूरा होना है। मुख्यमंत्री साय लगभग 73 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित 'नवीन तहसील कार्यालय' का लोकार्पण करेंगे। अब तक तहसील संबंधी कार्यों के लिए मीलों का सफर तय करने वाले किसानों और आम नागरिकों के लिए यह सौगात किसी वरदान से कम नहीं है।

इस कार्यालय के शुरू होने से न केवल प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि भ्रष्टाचार और बिचौलियों पर भी लगाम लगेगी। 133 करोड़ की इन कुल परियोजनाओं में सड़कों का जाल बिछाने, जर्जर स्कूलों के कायाकल्प और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक बनाने की योजनाएं शामिल हैं, जो सीधे तौर पर अंतिम व्यक्ति के जीवन को सुगम बनाएंगी।

### संस्कृति और प्रगति का संगम

क्षेत्र की इस बड़ी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने अपने उद्बोधन में विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि धरसींवा की जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया था, आज उस विश्वास को विकास के रूप में लौटाने का दिन है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में हम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित हैं। 73 लाख की लागत से बना तहसील कार्यालय हमारी जनता के संघर्षों की जीत है और विधान सभा मे 133 करोड़ के ये कार्य क्षेत्र की प्रगति को नई गति देंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा हमारी प्राथमिकता है और हम सुनिश्चित करेंगे कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचे। कुंवरगढ़ महोत्सव के दौरान होने वाला यह सरकारी कार्यक्रम क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक हलचल तेज कर चुका है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां चाक-चौबंद कर ली हैं और स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। जानकारों का मानना है कि इतनी बड़ी राशि के निवेश और प्रशासनिक विकेंद्रीकरण (नई तहसील) से धरसींवा न केवल एक औद्योगिक हब के रूप में अपनी पहचान मजबूत करेगा, बल्कि रहने की दृष्टि से भी एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनकर उभरेगा। 31 मार्च की यह तारीख धरसींवा के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज होने के लिए तैयार है।

## माधव दरबार के संत ईश्वर शाह 31 को तिल्दा आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

- **कटनी हरे हधाव दरबार से निकलेगी प्रभात फेरी**

सतगुरुर बाबा ईश्वर शाह साहिब के मंगलवार 31 मार्च को तिल्दा आगमन को लेकर उनके अनुयायी एव शहर वासी उत्साहित है । बाबाजी के आगमन को लेकर हरे माधव परमार्थ सत्संग सेवा समिति,तिल्दा तयारियो में जूता हुआ है । सतगुरुर बाबा ईश्वर शाह साहिब के आगमन को लेकर शहर को सजाया जा रहा है । उनके स्वागत को लेकर शहर में 2 किलो मीटर के फासले में 51 बड़े स्वागत द्वार बनाए गए है वही बड़े बड़े फ्लेक्स भी लगाए गए है ।



सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब के आने के उपलक्ष में शनिवार शाम हरे माधव दरबार तिल्दा नेवरा में भजन संध्या का आयोजन किया गया ।. इस कार्यक्रम में गोंदिया दरबार से पधारे भक्तों के द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। हरे माधव परमार्थ सत्संग सेवा समिति तिल्दा के यश भगवानी,मोतीराम देवानी ने बताया कि 31 मार्च मंगलवार को आयोजित हरे माधव सत्संग के उपलक्ष में रविवार 29 मार्च को हरे माधव दरबार से प्रातः5 बजे प्रभात फेरी निकली जाएगी। प्रभात फेरी में हरे माधव परिवार विभिन्न वेशभूषा में ढोल नगाड़ों के साथ शंखनाद करते हुए डीजे पर नाचते गाते हुए चलेंगे।

इस मौके पर प्रभात फेरी का कई जगहों पर स्वागत किया जाएगा। प्रभात फेरी संत कंवर राम चौक होते हुए अग्रसेन चौक, गुरु नानक चौक ,कपड़ा मार्केट ,हेमू कालानी चौक, दीनदयाल चौक से स्टेशन चौक पहुंचेगी। यह फेरी का स्वागत किया जाएगा ।यहां से प्रभात फेरी की वापसी होगी और हरे माधव दरबार में आकर विसर्जित होगा।31 मार्च को शाम 4 बजे हरे माधव कटनी दरबार के संत जीवन मुक्त सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब का तिल्दा आगमन होगा। दीनदयाल चौक पर संत का भव्य स्वागत कर बैंड बाजे के साथ हरे माधव दरबार रैली के साथ बाबा के जयकारो के साथ लाया जाएगा । शाम 7 बजे सौरभ पार्क में सद्गुरु बाबा ईश्वर शाह साहब के श्री मुख से सत्संग होगा ।सत्संग के पश्चात हरे माधव ब्रह्म भोज भंडारा प्रसाद का आयोजन रखा गया है।

## ग्राम धमनी में निकली भव्य जंवारा विसर्जन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नवरात्रि के पावन पर्व पर रामनवमी के अवसर पर ग्राम धमनी में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। नौ दिनों तक शक्ति की अनवरत आराधना के पश्चात चैत्र नवरात्रि के समापन पर ग्राम के देवी मंदिरों से भव्य ज्योति कलश और ज्वारा विसर्जन यात्रा निकाली गई। पूरा गांव माता के जयकारों से गुंजायमान रहा और हर्षोल्लास के साथ विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ। विगत नौ दिनों से



माता के दरबार में प्रज्ज्वलित अखंड ज्योति कलशों की पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन यात्रा प्रारंभ हुई। गाजे-बाजे और पारंपरिक जस गीतों की धुन पर श्रद्धालु थिरकते नजर आए। श्वेत वस्त्र धारण किए सेवादार सिर पर ज्वारा कलश लिए विसर्जन के लिए निकले, तो उनकी भक्ति देखते ही बन रही थी। मार्ग में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर माता के विग्रह और ज्वारों का स्वागत किया। पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन करते हुए मान्यता अनुसार सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना के साथ बोए गए 'ज्वारे' (अंकुरित जौ) को विसर्जन स्थल तक ले जाने के दौरान विशेष पूजा की गई। स्थानीय देवी मंदिरों में विशेष आरती के बाद शोभायात्रा जलाशय की ओर प्रस्थान की।

## सात्विक रसोई सुखी परिवार का आज आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज तिल्दा द्वारा रविवार, 29 मार्च को सायं साढ़े 4 बजे एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम (सात्विक रसोई)" का आयोजन रखा गया है।

ब्रह्माकुमारीज विद्यालय तिल्दा में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि हमारी रसोई केवल भोजन बनाने का स्थान नहीं है, बल्कि यह पूरे परिवार के स्वास्थ्य, विचारों और घर के वातावरण को प्रभावित करने वाली महत्वपूर्ण जगह है। आधुनिक जीवनशैली में कई बार हमारी रसोई ही अनजाने में अनेक बीमारियों का कारण भी बनती जा रही है, जैसे अत्यधिक तेल, नमक, चीनी तथा असंतुलित भोजन के कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और हृदय रोग जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत दो सुंदर स्वागत नृत्यों से की जाएगी। इसके बाद एक रोचक एवं संदेश पूर्ण नाटक के माध्यम से यह दर्शाया जाएगा कि किस प्रकार रसोई का वातावरण, भोजन बनाने की भावना और सात्विकता पूरे परिवार के मानसिक एवं आध्यात्मिक वातावरण को प्रभावित करती है।

इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा भोजन के आयुर्वेदिक, वैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक पहलुओं पर प्रकाश डाला जाएगा तथा यह बताया जाएगा कि किस प्रकार सात्विक रसोई को अपनाकर हम अपने घर के वातावरण को अधिक शांत, सकारात्मक और ऊर्जावान बना सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को यह भी प्रेरित किया



जाएगा कि वे अपनी रसोई को केवल स्वाद का केंद्र न मानकर उसे स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र बनाएं। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस उपयोगी कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

## रामनवमी पर लखौली में शरबत वितरीत



**आरंग।** रामनवमी के पावन अवसर पर ग्राम लखौली में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर गांव के पांच अलग-अलग स्थानों से ज्योत-जवारा निकाली गई, जिसमें बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान एक 6-7 वर्ष के बालक द्वारा सांग लेने का दृश्य लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। उसकी प्रस्तुति को देखकर उपस्थित ग्रामीण आश्चर्यचकित रह गए। गांव में जगह-जगह पूजा-अर्चना कर जवारों का स्वागत किया गया। इस दौरान विवेकानंद सेवा समिति, ग्राम लखौली के सेवाभावी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शरबत, पानी, रसना एवं बेल जूस का वितरण किया गया। भीषण गर्मी के बीच इस सेवा कार्य की लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय संचालक नंदकुमार महाराज, हेमलता साहू, ममता जलक्षत्री, नंदनी यादव, संध्या साहू, खुशबू साहू, कुंती यादव, रोहणी सेन, चित्ररेखा यादव, खोमन साहू, धनीराम साहू, दिनेश चंद्राकर, पाल सिंह चौहान एवं देवव्रत चंद्राकर सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान के तहत हुआ प्रशिक्षण वर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत खरोरा मंडल में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री (ओबीसी मोर्चा, छत्तीसगढ़) श्री अशोक सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

अपने उद्बोधन में श्री अशोक सिन्हा ने संगठन के वैचारिक अधिष्ठान, एकात्म मानववाद, समय प्रबंधन, संगठन विस्तार तथा राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ता की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि समाज सेवा के लिए समर्पित एक सशक्त माध्यम है।

कार्यक्रम के दौरान श्री सिन्हा ने कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और संगठनात्मक मजबूती के लिए अपने संकल्प को दोहराया।

उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़, संगठनात्मक रूप से सक्षम और जनसेवा के प्रति अधिक प्रतिबद्ध बनाने का प्रभावी माध्यम है। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अदाणी कोचिंग के 9 विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिदा नेवरा

अदाणी पावर लिमिटेड, की सामाजिक सरोकार शाखा अदाणी फाउंडेशन के द्वरा तिल्दा विकासखंड के 12 ग्रामों में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय कोचिंग सेंटर ने इस वर्ष उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। केंद्र से नौ विद्यार्थियों का रायपुर के माना स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। तिल्दा ग्रामीण क्षेत्र के लिए निर्धारित 14 सीटों में से 9 सीटों पर अदाणी फाउंडेशन के कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जो इस पहल की प्रभावशीलता को दर्शाता है। चिचोली, मुरा, खपरी, ताराशिव और मोहरेंगा गांवों से चयनित विद्यार्थियों की संख्या क्रमशः 2, 2, 2, 2 और 1 है। फाउंडेशन के द्वरा कोचिंग सेंटर में नियमित कक्षाओं, विषयवार मार्गदर्शन और अनुशासित अभ्यास के माध्यम से विद्यार्थियों को जेएनवी प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। वर्ष 2011 से संचालित इस नवोदय कोचिंग पहल के माध्यम से अब तक कुल 91 विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हो चुका है। पिछले वर्ष भी



इस केंद्र का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा था, जब तिल्दा ग्रामीण क्षेत्र की 14 में से 13 सीटों पर अदाणी नवोदय कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों का चयन हुआ था।वर्तमान में इस कोचिंग सेंटर में लगभग 130 विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययन कर रहे हैं। चयन न होने वाले विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में भी सकारात्मक सुधार देखा गया है, जिसके चलते वे अपने स्कूल की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन और अच्छे अंक प्राप्त कर रहे हैं।

चिचोली, मुरा, खपरी, ताराशिव और मोहरेंगा गांवों के सरपंचों ने इस शैक्षणिक पहल के लिए फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे आगे भी जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार का शैक्षणिक सहयोग ग्रामीण विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में सहायक है। संचालित यह कोचिंग सेंटर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक मार्गदर्शन के साथ आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराता है, जिससे उनमें प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति आत्मविश्वास विकसित हो रहा है। आने वाले वर्षों में इस पहल से और अधिक विद्यार्थियों के चयन की संभावनाएँ व्यक्त की जा रही हैं। अदाणी फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, सामुदायिक अवसंरचना और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सामाजिक पहलें संचालित कर रहा है। शिक्षा सहयोग, कौशल विकास, स्वास्थ्य शिविर, महिला समूहों के प्रशिक्षण और ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार उन्मुख कार्यक्रमों के माध्यम से फाउंडेशन स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में कार्य कर रहा है।

**देवी मंदिरों में नवरात्रि पर किए गए विविध अनुष्ठान**

# दंतेश्वरी मंदिर की जोत-जंवारा विसर्जन झांकी में कलशयात्रा एवं सांगा देव ने किया आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

शक्ति की भक्ति का महापर्व चैत्र नवरात्र का आस्था के सैलाब के बीच समापन हुआ। नौ दिनों तक चले नवरात्र के अंतिम दिन गांव-गांव में जोत-जँवारा का विसर्जन हुआ। इस दौरान मंदिरों और घरों से विसर्जन यात्रा निकली। इसी तरह शनिवार को दंतेश्वरी मंदिर मढ़ी में भी धूमधाम से ज्योत जँवारा की विसर्जन झांकी निकली। जिसे देखने आसपास और दूरदराज के कई गांवों के भक्त पहुंचे हुए थे। इस दौरान आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। वहीं अंचल के गांवों में भी चैत्र नवरात्र के अष्टमी तिथि पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन हुआ। जहां आहूति देने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शुक्रवार को नवमीं तिथि पर गांव-गांव में जँवारा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। पूरे नौ दिनों तक देवी मंदिरों में आस्था की मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित की गई थी। इस दौरान सुबह से देर



रात तक मंदिर परिसर जसगीतों से गुंजायमान होता रहा। तो वहीं दर्शन-पूजन करने भक्त सपरिवार देवी मंदिर पहुंच रहे थे। मां के भक्त मुंह में बाना छिदवाकर जँवारा विसर्जन शोभायात्रा में निकले तो वहीं महिलाएं, युवतियां व बालिकाएं अपने सिर पर जँवारे के खप्पर रखकर चल रही थीं। देवी मंदिरों और घरों से निकले जँवारों की शोभायात्रा गांव भ्रमण के बाद स्थानीय तालाब में विसर्जित होने पहुंची।

### आदिवासी राजगोड़ समाज का आयोजन

आदिवासी राजगोड़ समाज द्वारा निर्मित मां दंतेश्वरी मंदिर मढ़ी में भी चैत्र नवरात्र पर ज्योत जँवारा का कार्यक्रम रखा गया था। जिनका भव्य विसर्जन यात्रा मांदर की थाप में नाचते गाते हुए निकली। विसर्जन यात्रा में भगवान नरसिंग नाथ सांगा देव आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा। जिनका दर्शन करने गांव ही नहीं बल्कि आसपास गांव से भी हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। बेल की लकड़ी से बने इस सांगा देव को चार लोग कंधे पर रखकर निकलते है। इस दौरान आश्चर्य की बात यह होती है कि, सांगा देव जिधर जाएगा उधर ही इन चारों लोगों को भी जाना पड़ता है। यानी अपनी मर्जी से सांगा देव कहीं भी आ जा सकता है। बस कंधे पर रखे लोगों को उनका इशारा समझकर जिस तरफ चलने का आभास मिले उस तरफ चलना होता है। इस दौरान एक व्यक्ति अलग से एक तुतरू नुमा बीन रखा रहता है। जब सांगा देव को सम्हालना मुश्किल हो जाता है तो बीन बजाकर सांगा देव से कहा जाता है कि, शांत हो जाए और परेशान न करे। कभी-कभी बोलकर भी इन्हें समझाया जाता है। समाज ने लोगों ने बताया कि, सांगा देव बीन नुमा तुतरू बजाने की इशारे को समझता है और कुछ बोलो तो वो मान भी जाते हैं। दूसरी ओर विसर्जन यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश जँवारा रखकर नंगे पैर यात्रा में शामिल हुई। कुछ भक्त बाना लेकर चल रहे थे। तो महिलाएं और बालिकाएं अपने सिर पर जँवारे के खप्पर रखकर चल रही थीं। इस दौरान लोग इस अद्भुत झांकी को कैमरे में कैद करते भी नजर आए। दर्शन के लिए शोभा यात्रा में आसपास के गांव से भी भक्त बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## पेज 9 के शेष

### समय बदला पर मूड नहीं....

होने के बाद शासकीय स्कूलों में शिक्षण सत्र की शुरुआत जुलाई से होगी, मगर निजी स्कूल 1 अप्रैल से खुल जाएंगे और 20 से 25 दिन लगने वाली कक्षाओं में बच्चे परेशान होते रहेंगे। आज स्कूल प्रबंधन की लापरवाही का नजारा सरकारी स्कूल छत्तीसगढ़ नगर में देखने को मिला। ताला नहीं खुलने की वजह से छोटे बच्चों के साथ महिला शिक्षकों को भी काफी देर तक बाहर इंतजार करना पड़ा।

### बड़े बकायादारों पर निगम ....

न केवल निगम के खजाने में राजस्व की वृद्धि हुई है, बल्कि शहर के विकास कार्यो के लिए फंड जुटाने में मदद मिलेगी। नगर निगम की टीम ने शनिवार को जैसे ही वीर सावरकर वार्ड, जवाहरलाल नेहरू वार्ड, शहीद भगत सिंह वार्ड और संत रविदास वार्ड में दलबल के साथ बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली के लिए पहुंची, बकायादारों में हड़कंप मच गया। वीरसावरकर वार्ड में प्रीतम सिंह जीत सिंह के 5.29 लाख और हरवंश सिंह 4 लाख 52 हजार बकाया राशि सहित अन्य बड़े बकायादारों को डिमांड नोटिस और अंतिम सूचना के बाद भी बकाया कर जमा नहीं कराने पर उनकी दुकानें सील की गई। इसी तरह पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड में निखिल ट्रेडर्स और संतोषी देवी 8.36 लाख के परिसरों पर ताला जड़ा गया। इसी तरह डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड, शहीद भगत सिंह वार्ड में गोपाल खरे, नीलिमा चौधरी, अमरजीत सिंह जैसे बड़े बकायादारों पर बकाया कर जमा नहीं कराने पर कार्रवाई हुई।

### शहर के अंदर ....

उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से सवा करोड़ रुपए का जुर्माना वसूला गया था। बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने पर सबसे ज्यादा ई-चालान घड़ी चौक के साथ जयस्तंभ चौक स्थित मल्टी लेवल पार्किंग के पास कट रहे। इसके अलावा कलेक्टोरेट चौक के साथ संतोषी नगर ओवरब्रिज, पचपेड़ी नका, पुजारी पार्क के पास कट रहे। ई-चालान से बचने कई दोपहिया वाहन अपने गाड़ी के नंबर प्लेट में टेंपरिंग करने के साथ प्लेट में कीचड़, गोबर लगाकर चालानी कार्रवाई से बचने की कोशिश कर रहे। कार्रवाई में इसलिए बढ़ोतरी ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई में वृद्धि होने का एक बड़ा कारण वाहन मालिकों का पूर्व में मोबाइल नंबर के साथ एड्रेस अपडेट नहीं था। इस वजह से चालानी कार्रवाई कम होती थी। वर्तमान में जिन वाहन वाहन मालिकों का मोबाइल नंबर के साथ एड्रेस अपडेट नहीं था, उसे अब अपडेट कर लिया गया है। लोगों की मांग कार्रवाई हो लेकिन हाईवे पर महावीर नगर निवासी एक युवक जिसका बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने पर दो माह के भीतर सात ई-चालान कटा है, उसके जैसे कई और अन्य दोपहिया वाहन चालक हैं, जिन लोगों का बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने पर ई-चालान कटा है। उन लोगों ने हाईवे पर बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते पाए जाने पर ई-चालान काटे जाने का समर्थन किया है। शहर के अंदर बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर छूट जारी रखने की मांग की है।

### बांग्लादेश के एयरक्राफ्ट ....

और एयरपोर्ट स्टाफ को भी उधर जाने से मना कर दिया गया। एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा एयरक्राफ्ट की वापसी का मामला केंद्रीय स्तर का होने का तर्क दिया जा रहा है, वहीं जानकार सूत्रों का कहना है कि ऐसे विमान की वापसी के लिए अब तक कोई नियम ही नहीं बना है।

**00 कबूतरों को हटाने फायर :** सूत्रों के मुताबिक इस एयरक्राफ्ट में कबूतरों का काफी संख्या में बसेरा है, जो अक्सर एयरपोर्ट के ऊपर मंडराते रहते हैं। नियमित विमानों की आवाजाही के दौरान ये परिंदे ऑपरेशन एरिया से दूर रहें, इसके लिए बर्ड स्केयर कैनन गन का लगातार उपयोग करना पड़ता है। टेकऑफ अथवा लैंडिंग के दौरान फ्लाइट से किसी पक्षी के टकराने से बड़े हादसे भी हो सकते हैं।

# अब औद्योगिक इकाइयों को भी नियमित मिलेगा गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास बातें**

- चैंबर की सक्रियता से औद्योगिक उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत
- कलेक्टोरेट सभागार में गैस, पेट्रोल, डीजल आपूर्ति, वितरण के लिए समीक्षा बैठक




रायपुर कलेक्टोरेट के सभागार में गैस, पेट्रोल, डीजल और उर्वरकों के आपूर्ति की समीक्षा करने बैठक रखी गई। इस बैठक में निगम आयुक्त विश्वदीप, कीर्तिमान सिंह राठौर अपर कलेक्टर, एमएस पैकरा मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक सहित शहर के प्रमुख औद्योगिक व

व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने इस मुद्दे को विभागीय अधिकारियों के समक्ष औद्योगिक इकाइयों को गैस सिलेंडर की आपूर्ति में हो रही परेशानियों को मजबूती से रखा। इस मौके पर चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा ने अधिकारियों के समक्ष यह मांग रखी कि गैस एजेंसियां व्यवसायिक और औद्योगिक कनेक्शन को अलग-अलगक परिभाषित कर रही है, जबकि सिलेंडर सिर्फ दो ही तरह के होते हैं डोमेस्टिक और कमर्शियल। गैस एजेंसियों द्वारा औद्योगिक इकाइयों को सिलेंडर देने ये यह कहकर इंकार किया जा रहा है कि इंडस्ट्रियल सिलेंडर की सप्लाई नहीं है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक उपभोक्ताओं को गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा आपूर्ति का आधार उद्योगों द्वारा पिछले 11 माह के दौरान लिए गए सिलेंडरों की औसत को बनाया जाए। इससे वितरण में पारदर्शिता बनी रहे।

चैंबर के सलाहकार संतोष जैन ने प्लास्टिक उद्योग में एलपीजी के उपयोग को रेखांकित करते हुए बताया कि गर्मियों के दौरान प्लास्टिक की टंकियां की बहुत मांग होती है, औद्योगिक गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण आम लोगों को प्लास्टिक की टंकियां की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिसके कारण लोगों को बहुत तकलीफ है। चैंबर के उपाध्यक्ष प्रहलाद शादीजा ने गैस सिलेंडर के कालाबाजारी की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए जानकारी दी कि वर्तमान परिस्थितियों का लाभ उठाकर गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी नजर रखी जानी चाहिए।

## एम्स के नर्सिंग अफसर से एपीके फाइल भेज कर डेढ़ लाख की ठगी

- बिजली कनेक्शन के लिए दिया था आवेदन

**रायपुर।** आमानाका थाना में एम्स के नर्सिंग अफसर ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बिजली विभाग का अफसर बन कर एपीके फाइल भेज कर एक लाख 65 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नर्सिंग अफसर ने नया बिजली कनेक्शन लगवाने ऑनलाइन आवेदन दिया था। उसी आवेदन के आधार पर जालसाज ने संपर्क कर ठगी का शिकार बनाया। सरोरा, हर्षित विहार कालोनी निवासी हरकेश सिंह यादव ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। हरकेश ने पुलिस को बताया कि है कि 26 मार्च को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से वाट्सएप काल आया। काल करने वाले ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताते हुए कनेक्शन वेरिफिकेशन के नाम पर एक एपीके फाइल भेजी और उसे डाउनलोड कर डिटेल भरने के लिए कहा। जालसाज के झांसे में आकर हरकेश ने फाइल डाउनलोड कर उसमें मांगी गई जानकारी भर दी। इसके बाद जालसाज ने 13 रुपए का भुगतान करने कहा। नर्सिंग अफसर ने अपने एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड की जानकारी दर्ज की। जैसे ही डिटेल भरी गई, उनके खाते से पहले 9,999 रुपए और कुछ ही मिनटों में 1,54,900 रुपये अलग-अलग आनलाइन प्लेटफार्म (ब्लिंकिट व एप्पल) पर ट्रांसफर हो गए।



# राजधानी पहुंचे संत ईश्वर शाह का भव्य स्वागत, निकली शोभायात्रा

- हजारों श्रद्धालुओं और साध-संगत ने की बाबाजी की अगवानी

**रायपुर।** कटनी मध्यप्रदेश स्थित हरे माधव दरबार के प्रमुख, संत जीवनमुक्त सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब का शनिवार को माना विमानतल पर आगमन हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। बाबाजी के सानिध्य में महावीर नगर में रविवार को हरे माधव सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। विमानतल से बाबाजी का काफिला महावीर नगर स्थित कुकरेजा फॉर्म हाऊस पहुंचा, जहां हरे माधव परिवार के साथ रायपुर शहर की संगत एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से हजारों श्रद्धालु और संगत बाबाजी का स्वागत एवं दर्शन करने यहां पहुंचे। शाम 8 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ईश्वरनादम पथक ढोल, नगाड़ों के साथ नन्हे बालक-बालिका भी विभिन्न रूप बनाकर झूमते, भजन गाते, युवा साथी भक्ति रस में डूबे नृत्य करते चल रहे थे, राह में जगह-जगह श्रद्धालु सतगुरु के दर्शन के लिए एकत्र हो गए थे। शोभायात्रा का समापन महावीर नगर स्थित हरे माधव दरबार में हुआ, जहां दरबार साहिब में सतगुरुजी ने श्री आसन पर विराजमान होकर आई हुई सारी संगत को अपने दर्शन से निहाल किया। सत्संग आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रकाश जादवानी, सचिव तेजकुमार बजाज ने बताया कि रविवार को पावन हरे माधव सत्संग का भव्य आयोजन हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी शाखा रायपुर के तत्वावधान में हरे माधव दरबार साहिब के सामने ग्राउण्ड, महावीर नगर में होने जा रहा है।

### विमानतल पर किया संतश्री का स्वागत

विमानतल पर सतगुरु ईश्वर शाह का स्वागत छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी, पार्षद अमर गिदवानी, पार्षद एवं जोन अध्यक्ष सचिन मेघानी, समिति अध्यक्ष प्रकाश जादवानी, सचिव तेजकुमार बजाज, राजकुमार आहूजा, उपाध्यक्ष मुरली मनोहर बुलचंदानी, दीपक जादवानी, दीपक आडवानी, अमर जगिया, बंटी दुर्गानी एवं कई पंचायतों के मुखिया ने किया।

# कांग्रेस का आरोप- स्वास्थ्य विभाग में पदस्थापना में हुआ है भ्रष्टाचार

**चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. गुप्ता ने मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव को भेजा पत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने पिछले सप्ताह स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी प्रतिनियुक्ति पदस्थापना के आदेश की आलोचना करते हुए कहा, इससे पूरे स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक अफरा तफरी मच जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा, इससे वसूली की एक और खिड़की खुलने की पूरी संभावना है। यह आदेश भ्रष्टाचार के उद्देश्य से निकाला गया प्रतीत होता है। डॉ गुप्ता ने राज्य के मुख्य सचिव विकासशील एवं स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया को एक मेल भेज कर इस प्रक्रिया के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में जिला स्तर से प्रतिनियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे जाने की प्रक्रिया को तुरंत स्थगित करने की मांग की।

उन्होंने प्रशासनिक गरिमा और परंपराओं के पालन करने की सलाह देते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मांग की है कि स्वास्थ्य विभाग के सभी पदों पर पिछले ढाई वर्षो से प्रमोशन नहीं हुए हैं। सभी विभागों में समयबद्ध प्रमोशन किए जाने चाहिए और सभी स्वीकृत पदों को पारदर्शी प्रशासनिक प्रक्रिया के अंतर्गत भर्ती की जाना चाहिए, ताकि स्वास्थ्य विभाग का काम राजधानी और सुदूर जिलों में सुचारू ढंग से चल सके। उन्होंने कहा, वर्तमान में डॉक्टर, चिकित्सा शिक्षकों, नर्सिंग पैरामेडिकल वर्कर्स और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भर्ती नहीं हो पाने के कारण व्यवस्था पूरी तरह चौतरफा लकवे का शिकार हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में स्वास्थ्य विभाग में प्रतिनियुक्ति का खेल जारी है, जिसके कारण निचले स्तर के कर्मचारी भी प्रतिनियुक्ति उप संचालक बने बैठे हैं।

## सर्व ब्राह्मण समाज का सामूहिक उपनयन संस्कार आज

**रायपुर।** कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 29 मार्च रविवार को बैरनबाजार स्थित आशीर्वाद भवन में सर्व ब्राह्मण समाज के बटुकों के लिए 'सामूहिक उपनयन संस्कार' का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा एवं सचिव राजकुमार दीक्षित ने बताया कि यह संस्कार विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में पूर्ण वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराया जाएगा। उपनयन संस्कार में 37 बटुक रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, महासमुंद, बिलासपुर लवन, बलौदाबाजार, भाटापारा, बस्तर आदि जिलों से शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए हाल ही में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन समिति के सदस्यों को कार्यों की अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**एम्स रायपुर में क्रॉनिक ल्यूकेमिक विकारों पर सीएमई का आयोजन**

# ब्लड कैंसर के इलाज के लिए एम्स में मिलेगी बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा, जागरूकता से बढ़ रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जागरूकता बढ़ने के कारण ब्लड कैंसर के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, वे इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। इस बीमारी के पूर्ण इलाज के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है, जिसे आने वाले समय में एम्स में प्रारंभ करने की योजना बनाई जा रही है। एम्स रायपुर में क्रॉनिक ल्यूकेमिक विकारों पर सीएमई का आयोजन किया गया।

क्लिनिकल हेमेटोलॉजी एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक निदेशक डा. अशोक जिंदल ने रोग की शीघ्र पहचान तथा टारगेटेड थेरेपी के उपयोग पर विशेष बल दिया जो अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भी उपलब्ध है। एम्स में क्रॉनिक मायलॉइड ल्यूकेमिया के मरीजों का उपचार इन उन्नत दवाओं से किया जा रहा है। निकट भविष्य में बीएमटी कार्यक्रम प्रारंभ करने की योजना बना रहा है। संस्थान के विभिन्न विभाग समन्वय के साथ मरीजों की देखभाल सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अमित कुमार एवं हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज बाला ने बताया कि जागरूकता बढ़ने के कारण रक्त कैंसर के मामलों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने इन उपचार योग्य रोगों के लिए शीघ्र रेफरल एवं समय पर उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया। चिकित्सकों ने कहा कि क्रॉनिक मायलॉइड ल्यूकेमिया का समय पर निदान एवं उचित मॉनिटरिंग के साथ उपचार किया जाए तो कई मरीज केवल ओरल मेडिसिन के माध्यम से लगभग सामान्य जीवन जी सकते हैं।

### सीएमई में शामिल हुए 30 रेजिडेंट डाक्टर

सीएमई के अंतर्गत रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें 30 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इसके पश्चात पूरे दिन वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा क्रॉनिक ल्यूकेमिया के सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में एम्स के संकाय सदस्यों के अतिरिक्त राज्य के कई प्रतिष्ठित हेमेटोलॉजिस्ट एवं ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. भावना सिरोही, डॉ. सुमन मित्तल, डॉ. यशवंत कश्यप, डॉ. विकास गोयल, डॉ. दिव्येंदु डे एवं डॉ. अंबर गर्ग ने भाग लिया।






# पेट्रोल संकट की संभावना से ई-वाहनों का बढ़ा क्रेज, बिक्री में इजाफा

**जानकारी लेने वालों की संख्या में 50 फीसदी इजाफा, वाहन भी खरीदने की रफ्तार बढ़ी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण पेट्रोल संकट की संभावना बहुत बढ़ गई है। कच्चे तेल के दाम तो आसमान पर चले गए हैं, फिलहाल अपने देश में केंद्र सरकार ने उत्पाद शुल्क कम करके राहत देने का काम किया, लेकिन युद्ध अगर लंबा चला, तो इसमें संदेह नहीं है कि पेट्रोल के दाम भी बढ़ेंगे और संकट भी संभव है। ऐसे में देश के साथ अपने राज्य में भी ई-वाहनों की बिक्री में इजाफा हो गया है। इसकी जानकारी लेने वालों की संख्या भी 50 फीसदी बढ़ी है। आने वाले समय में इसकी बिक्री की रफ्तार और तेज होने की संभावना है। वैसे बीते कुछ सालों से अपने राज्य में ई-वाहनों की बिक्री में वैसे भी लगातार इजाफा हो रहा है। पेट्रोल की बढ़ती कीमत के कारण ही लोगों का रुझान कुछ सालों से ई-वाहनों की तरफ गया है। ई-वाहनों की बिक्री में लगातार इजाफा भी हो रहा है। अब छत्तीसगढ़ में सालभर में 50 हजार से ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन और ई-रिक्शा हैं। कारों की बिक्री अब भी कम है। पांच साल पहले प्रदेश में महज साढ़े छह हजार वाहन बिके थे, लेकिन अब रफ्तार तेज हो गई है। प्रदेश में इस समय दो लाख से ज्यादा ई-वाहन हो गए हैं।

**ई-वाहनों पर सब्सिडी :** प्रदेश सरकार भी ई-वाहनों की खरीदी पर सब्सिडी दे रही है। पहले 10 प्रतिशत तक सब्सिडी या डेढ़ लाख (जो भी कम हो) की मिलती थी। लेकिन मई 2025 के संशोधन के बाद, यह अधिकतम सब्सिडी एक लाख हो गई है। साथ ही 20 लाख से ऊपर के ई-वाहनों पर सब्सिडी भी खत्म कर हो गई है। रजिस्ट्रेशन शुल्क में भी 2026-27 तक छूट का प्रावधान है।

### बिक्री में बड़ा बूम

प्रदेश में बीते पांच सालों में ई-वाहनों की ब्रिकी में बड़ा बूम आया है। पांच साल पहले की बात करें तो प्रदेश में 2021-22 में महज साढ़े छह हजार वाहन बिके थे। लेकिन 2022-23 में इसमें करीब पांच गुना इजाफा हुआ और करीब तीस हजार वाहन बिके। इसके बाद 23-24 में यह आंकड़ा 35 हजार के पार हुआ और फिर 24-25 में 40 हजार के करीब वाहन बिके। चल रहे सत्र में मार्च समाप्त होने ही वाला है। इस सत्र में 50 हजार से ज्यादा वाहन बिकने का अनुमान है। ऑटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक प्रदेश में हर माह ढाई से तीन हजार दोपहिया वाहन बिक रहे हैं। इसी के साथ हर माह एक से डेढ़ हजार ई-रिक्शा भी बिक रहे हैं। जहां तक कारों का सवाल है तो इसका आंकड़ा कम है। कारें हर तीन से साढ़े तीन सौ के आस-पास ही बिक रही हैं।



### और बढ़ेगी बिक्री

पेट्रोल संकट की संभावना को देखते हुए ई-वाहनों की तरफ लोगों का रूझान बढ़ गया है। पूरे देश के साथ प्रदेश में भी ई-वाहनों की जानकारी लेने वालों में तो इजाफा हुआ ही है साथ ई-वाहन पहले से ज्यादा बिक रहे हैं। आने वाले समय में इसकी बिक्री में और इजाफा होगा।

- **मनीष राज सिंघानिया,** चेयरमैन, फाडा

## खबर संक्षेप

### 86 माह के डीए एरियर्स पर सरकार से होगी चर्चा



**रायपुर।** प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को मोदी की गारंटी के तहत 2017 से लेकर 2026 तक कुल 86 माह के डीए एरियर्स की मांग पर शासन के जिम्मेदार अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। प्रदेश स्तर पर गठित एक मांग एक मंच के प्रांतीय कोर कमेटी की बैठक संरक्षक डॉ डीपी मनहर के मुख्य आतिथ्य एवं चंद्रिका सिंह की अध्यक्षता में राजधानी में आयोजित की गई। बैठक में कोर कमेटी के संरक्षक अनिल शुक्ला, सुजान सिंह बिंद, ओपी शर्मा और गोपाल साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। एक मांग एक मंच के प्रांतीय संयोजक करन सिंह अटेरिया ने कहा कि प्रदेश के शासकीय कर्मचारी एवं पेंशनर एक सूत्रीय मांग पर शासन की उपेक्षा से आक्रोशित हैं इसलिए मांग पूरी होने तक हस्ताक्षर अभियान पूरे प्रदेश में जारी रहेगा। प्रांतीय संरक्षक अनिल शुक्ला के चार बिंदुओं के प्रस्ताव को प्रांतीय कोर कमेटी ने पारित किया। जिसमें कि 86 माह के डीए एरियर्स के लिए छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य मंत्री एवं वित्त मंत्री से मिलकर चर्चा कर करेगा। एक मांग एक मंच डीए एरियर्स को लेकर शासन के विरुद्ध उच्च न्यायालय बिलासपुर में कोई याचिका दायर नहीं करेगा। दो माह के बाद प्रांतीय सम्मेलन मुख्यमंत्री के आतिथ्य में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा । एक मांग एक मंच का आगामी दो माह में जिले स्तर पर विस्तार जिला स्तर पर करने का निर्णय लिया गया।

### रामनवमी पर भंडारे का आयोजन, प्रसाद वितरित



**रायपुर।** श्री राम नवमी के पावन अवसर पर इंद्रप्रस्थ फेस 2 के श्री राम जानकी वाटिका पर प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। इसके पूर्व कालोनी के रहवासियों ने भगवान राम की विशेष पूजा अर्चना और मंगल आरती गाकर मंगल कामना की। आयोजित भंडारे के दौरान मौसम में बदलाव हुआ मगर कालोनी के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए विषम परिस्थितियों पर काबू पा लिया। कालोनीवासियों द्वारा पिछले तीन साल से रामनवमी पर भंडारे का आयोजन किया जाता है।

## प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम को अब तक नहीं मिली 100 ई बसें

# इंतजार की इंतहा... पहले नगर निगम ने दिखाया ई-बस का ख्वाब, अब केंद्र ने पकड़ाया पीएम ई-बस का झुनझुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को मजबूत करने के मामले में नगर निगम फिसड्डी रहा है। शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम का कबाड़ा निकलने की वजह से लोगों को अब भी सुगम परिवहन की सुविधा नहीं मिल पाई। 2 साल पहले पंद्रहवें वित्त आयोग से रायपुर नगर निगम को 10 चमचमाती ई बसें खरीदने और 4 जगहों पर चार्जिंग स्टेशन खोलने 20 करोड़ मिले। बसों की खरीदी के लिए ऑनलाइन टेंडर हुआ, जिसमें आधा दर्जन कंपनियां शामिल हुईं। दस्तावेज जांच के बाद दिल्ली की जेबीएम कंपनी क्वालीफाई हुई। बाकायदा एमआईसी में इसे मंजूरी दी गई, पर जब बस खरीदी का समय आया, तो ये कहकर पीछे हट गए कि केन्द्र से 100 ई बसें मिलनी है, इसलिए ई बस खरीदी कैंसिल। अब केन्द्र सरकार ने प्रदेश के चार शहरों में पीएम ई बस योजना के तहत ई बसें चलाने बाकायदा एजेंसी तय कर दी, पर सालभर बीतने के बाद भी शहर को 100 ई बसें नहीं मिल पाईं।

- आम जनता की परेशानी कम नहीं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट का निकला कबाड़ा

### निगम का प्लान फ्लाप, 32 सीटर 10 ई बस खरीदने की योजना

पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में राजधानी में ईको फ्रेंडली सुगम परिवहन को बढ़ावा देने 10 ई बसें खरीदने और शहर के चार जगहों पर चार्जिंग स्टेशन खोलने 20 करोड़ मिले। यह राशि पंद्रहवें वित्त आयोग मद से रायपुर नगर निगम को प्राप्त हुई। बसों की खरीदी के लिए पूर्व की परिषद ने प्रस्ताव पारित कर ऑनलाइन टेंडर किया, जिसमें दिल्ली की कंपनी क्वालीफाई हुई। रेट एप्रवूल के बाद भी ई बस की खरीदी नहीं की गई। टेंडर में 10 साल तक बसों की मरम्मत और संचालन की शर्त शामिल रही। अनुबंध की शर्त के मुताबिक चयनित कंपनी राजधानी के लिए 32 सीटर 10 ई बसें उपलब्ध कराती। वर्कआर्डर जारी होने के बाद बसों की आपूर्ति के लिए एजेंसी को 5 माह का समय देने की शर्त रही, पर ई बसो की खरीदी के इस प्लान निरस्त हो गया।





### विधानसभा में उठा था मामला-

छत्तीसगढ़ विधानसभा में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में ई बसें चलाने को लेकर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने विभागीय मंत्री अरुण साव से सवाल पूछा था। मंत्री ने अपने लिखित जवाब में कहा कि बसों के लिए डिपो सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही है, एजेंसी भी नियुक्त कर दी गई है। केन्द्र से बसों की डिलीवरी नहीं मिली है।

### जरवाय में सब चार्जिंग स्टेशन डिपो

पीएम ई.बस योजना के तहत रायपुर शहर को मिलने वाले 100 ई बस संचालन के लिए सब स्टेशन चार्जिंग पाइंट और बस डिपो बनाने 8 करोड़ 63 लाख की राशि मिली है। बिजली कंपनी को पीएम ईबस योजना के तहत फंड दे दिया गया है। निर्माण कार्य 5 एकड़ क्षेत्र में किया जा रहा है।

### 100 ई बसों के लिए सालभर से इंतजार

केन्द्र शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के चार शहरों में इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना है। इन बसों के संचालन के लिए चारों शहरों में डिपो सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधोसंरचना के काम किए जा रहे हैं, लेकिन इलेक्ट्रिक बसों का अता-पता नहीं है। जबकि बसों के संचालन के लिए केन्द्र सरकार ने एजेंसी भी निर्धारित कर दी है। प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग-भिलाई को मिलाकर 240 ई बसें चलाने की योजना है।

### खटारा बसों से नहीं मिला छुटकारा, गिनती की सिटी बसें

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र के रहवासियों को धुंआ छोड़ती खटारा सिटी बसों में जैसे-तैसे अपनी यात्रा पूरी करनी पड़ रही है। शहरी क्षेत्र में गिनती के सिटी बस संचालित होने से आम जनता को आटो रिक्शा,ई रिक्शा या दूसरे महंगे परिवहन साधन का सहारा लेना पड़ रहा है। जेएनएनयूआरएम फेज 2 के तहत रायपुर शहर में 67 सिटी बसें नगर निगम ने खरीदी। कोरोनाकाल में ये बसें 2 साल तक आमानाका बस डिपो में खड़ी रहने से कंडम हालत में पहुंच गईं। शहर में सार्वजनिक परिवहन सेवा के तहत सिटी बस चलाने रायपुर नगर निगम ने मनीष ट्रेवल्स के साथ अनुबंध किया। बसों को दुरूस्त करने निगम ने अनुबंधित एजेंसी को लाखों रुपए दिए पर अधिकांश सिटी बसें कबाड़ में तब्दील हो गईं। महज 37 सिटी बसें ही वर्तमान में संचालित है। इनमें से भी ज्यादातर आउटर के रूप में चल रही है। रायपुर शहर से लगे कई रहवासी इलाके को इसका फायदा नहीं मिल पा रहा। जबकि पूर्व में लाखेनगर, महादेवघाट अमलेश्वर तक सिटी बसें संचालित होती रहीं। इसी तरह रेल्वे स्टेशन से फाफाडीह, भनपुरी, रांवा में बंजारी मंदिर तक सिटी बसें चलती थीं। इसी तरह शंकरनगर रूट, माना देवपुरी रूट में सिटी बसों का पूर्व में संचालन किया जाता रहा।

## रायपुर के एमएमए खिलाड़ी इंडियन कॉम्बैट लीग में दिखाएंगे दम



**रायपुर।** राजधानी रायपुर की प्रतिष्ठित जे-7 फिटनेस के खिलाड़ी आगामी इंडियन कॉम्बैट लीग (आईसीएल) में मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) प्रतियोगिता के तहत अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने जा रहे हैं। यह प्रतियोगिता दिल्ली एनसीआर (मेरठ) में 28 से 30 मार्च तक आयोजित है, जिसके लिए टीम 27 तारीख को रवाना हुई। इस तीन दिवसीय बड़े मुकाबले में जे-7 फिटनेस रायपुर के खिलाड़ी अलग-अलग वेट केटेगरी में एमएमए (मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स) फाइट्स में हिस्सा लेते हुए रायपुर और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में देवेश यादववंशी, कुंदन यादव, लक्ष्य रमानी, अवनी सौरज, राहुल करतवी और अंश गजघाटे शामिल हैं। जे-7 फिटनेस रायपुर के संचालक राजेंद्र कुमार जोशी एवं जय जोशी ने बताया कि टीम का नेतृत्व देवांशु शुक्ला कर रहे हैं, जो स्वयं एक प्रोफेशनल एमएमए फाइटर हैं और इस टीम के कोच भी हैं। उनके मार्गदर्शन में सभी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता के लिए पूरी तैयारी के साथ उतर रहे हैं। सभी खिलाड़ियों ने इस एमएमए प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत और विशेष प्रशिक्षण लिया है। टीम के कोच का कहना है कि खिलाड़ी पूरी तरह तैयार हैं और उनका लक्ष्य प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रायपुर और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करना है। इस अवसर पर खेल प्रेमियों और शहरवासियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का एक बड़ा मंच साबित होगी।

# संरक्षित वनक्षेत्र में आवारा कुत्तों को घुसने से रोकने बारनवापारा मॉडल अपनाया जाएगा

**एक सप्ताह पूर्व अंबिकापुर के संजय वाटिका रेस्क्यू सेंटर में कुत्तों के नोचने से 15 हिरण, चीतल की मौत हुई थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंबिकापुर के संजय वाटिका रेस्क्यू सेंटर में पिछले सप्ताह 20-21 मार्च की दरमियानी रात आवारा कुत्तों के नोचने से 15 हिरण तथा चीतल की मौत की घटना के बाद विभागीय अफसरों ने संरक्षित वन क्षेत्र तथा टाइगर रिजर्व में आवारा कुत्तों का प्रवेश रोकने दिशा निर्देश जारी किया है। साथ ही इन वनक्षेत्रों में आवारा कुत्तों के प्रवेश से रोकने बलौदाबाजार मॉडल अपनाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के वन्यप्राणी बहुल क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के प्रवेश से होने वाली हानि और बीमारियों को रोकने के लिए वन विभाग ने अब और भी सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण कुमार पाण्डेय ने प्रदेश के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को एनटीसीए की एसओपी का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। घटना की पीसीसीएफ ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

### प्रवेश पर नियंत्रण आवश्यक

वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए आवारा कुत्तों के प्रवेश पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। सभी वनमंडलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के लिए ग्रामवार समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करने का निर्देश दिए गए हैं, ताकि वन्यप्राणियों पर होने वाले ऐसे दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

- **अरुण कुमार पाण्डेय,** पीसीसीएफ, वाइल्ड लाइफ



### एसओपी का पालन करने प्रशिक्षण

एनटीसीए द्वारा टाइगर रिजर्व में कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए जो एसओपी जारी किया है, उसका कड़ाई से पालन किया जाएगा। एसओपी का पालन कैसे करना है, इसके लिए आगामी दो सप्ताह के भीतर सभी फील्ड अधिकारियों और कर्मचारियों को इसके लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### बलौदाबाजार का कलर कोडिंग मॉडल

वनक्षेत्र में कुत्तों का प्रवेश रोकने बारनवापारा अभयारण्य में सफल रहे प्रयोग को अब पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी है। इसके तहत वन क्षेत्रों के समीप स्थित ग्रामों के पालतू कुत्तों को एक विशेष रंग का पट्टा पहनाया जाएगा, जिससे उनकी पहचान हो सके। साथ ही वनक्षेत्र से सटे ग्रामीणों को सचेत किया गया है कि यदि उनके पालतू कुत्ते वन क्षेत्र में पाए गए, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मानवीय नियंत्रण और प्रबंधन

आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए एनीमल वेलफेयर बोर्ड इंडिया के मॉड्यूल का पालन किया जाएगा। कुत्तों को पकड़ने और उनके परिवहन के दौरान जीव कल्याण मानकों का ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा जन जागरूकता अभियान चलाकर वन क्षेत्रों के पास के गांवों में पोस्टर, बैनर और ग्राम सभाओं के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाएगी, ताकि वन्यजीवों को रैबीज जैसी बीमारियों और हमलों से बचाया जा सके।

## तारमिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन 1 अप्रैल से

रायपुर। छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल विद्युत, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित तारमिस्त्री परीक्षा जुलाई में प्रस्तावित है। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदक 1 से 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। रायपुर में आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए रायपुर, बलौदाबाजार एवं गरियाबंद जिले के इच्छुक लोग आवेदन पत्र कार्यालय कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन 246 आम बगीचा, सुंदर नगर रायपुर में निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु रायपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्र में 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 + इंसेन्टिव
Resume Whatsapp करें
8224868411
9827555678
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर




# शहर में बढ़ी गर्मी, सरगुजा और बस्तर में बन रहे बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर समेत मध्य इलाके में गर्मी बढ़ रही मगर राज्य की उत्तर और दक्षिण की सीमाओं का मौसम अभी सुधरा नहीं है। रविवार को मध्य हिस्से के मौसम में बदलाव नहीं होगा और सरगुजा और बस्तर संभाग के कुछ एक हिस्सों में बारिश अथवा गरज-चमक से साथ छीटें पड़ने की संभावना है।

- शनिवार को भी शहर का चढ़ा रहा पारा

शुक्रवार के बाद शनिवार को भी राजधानी का पारा प्रदेश में सबसे अधिक था। दिन में धूप की वजह से तेज गर्मी लगी जो त्वचा में जलन का कारण बनती रही। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का ज्यादा प्रभाव रहने और तेज हवा, अंधड़ बारिश जैसी स्थिति बनने के कारण औसत तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। अभी एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर ईरान और उसके आसपास विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति पश्चिम बंगाल से तमिलनाडु तक दक्षिण छत्तीसगढ़ होते हुए विस्तारित है। इसके प्रभाव से रविवार को राज्य के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इसके साथ ही अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि संभावित है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः सरगुजा संभाग और उससे लगे जिले तथा बस्तर संभाग और उससे लगे जिले में संभावित है। शनिवार को राज्य में सबसे अधिक 38.7 तापमान रायपुर का दर्ज किया गया। इसके अलावा 38.5 माना, 38.4 रायपुर, 36.8 पेंड्रा, 34.4 अंबिकापुर तथा 37.5 जगदलपुर का रिकार्ड किया गया।






02

भगवान श्रीराम और भक्त हनुमान की...


● वेटलिफ्टर निकिता ने छत्तीसगढ़ को दिलाया पहला स्वर्ण, तैराकी में ओडिशा की महिलाओं का दबदबा

हौसले से हारी गरीबी और बीमारी

# बाबूलाल ने लोहे की रॉड से प्रैक्टिस कर वेटलिफ्टिंग में जीता सिल्वर, अनाई ने अस्पताल से लौटकर झटका गोल्ड

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में खिलाड़ियों के सपने साकार हो रहे हैं। लगन और संघर्ष का परिणाम गोल्ड मेडल से मिल रहा है। झारखंड के वेटलिफ्टर बाबूलाल हेम्ब्रम ने 60 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा से सभी को चौंका दिया। इनकी सफलता की कहानी भी जीत की तरह ही रोचक है।

**रायपुर।** जब पूर्व आर्मी कोच गुरविंदर सिंह ने बाबूलाल हेम्ब्रम को उनकी शारीरिक बनावट के आधार पर अन्य खेल छोड़कर वेटलिफ्टिंग अपनाने की सलाह दी, तब झारखंड के रामगढ़ जिले के केरिबांदा गांव के इस किशोर के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी इस खेल को जारी रखने के लिए पैसे जुटाना, लेकिन हार मानने के बजाय बाबूलाल ने निर्माण स्थलों पर बांस की लकड़ियों और लोहे की रॉड से अभ्यास शुरू किया। बाद में उन्होंने झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी के कोचिंग सेंटर में दाखिला लिया, जिसके लिए उन्हें रोज 60 किलोमीटर का सफर तय कर कोच गुरविंदर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेना पड़ता था।

## आर्थिक तंगी हमेशा रही चुनौतीपूर्ण

बाबूलाल ने बताया कि 2018 में जब मैंने इस खेल को अपनाया, वह समय मेरे लिए बहुत कठिन था। हमारे पास ट्रेनिंग के लिए उपकरण और किट खरीदने के पैसे नहीं थे, इसलिए मैं बांस और लोहे की रॉड से ही अभ्यास करता था। फिर जीएसपीएस और अपने कोच का साथ मिला और आज मैं यहां हूं।19 वर्षीय बाबूलाल पांच भाई-बहनों में सबसे छोटे हैं। वे बताते हैं, मेरी मां एक स्थानीय स्कूल में रसोईया हैं और पिता छोटे-मोटे काम करते हैं। आर्थिक स्थिति हमेशा चुनौतीपूर्ण रही, लेकिन मुझे भरोसा है कि खेलो इंडिया जैसे आयोजनों में मिल रही सफलता से हमारी स्थिति बदलेगी। हमने उम्र-आधारित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहले ही अपनी छाप छोड़ी है। रजत पदक मेरे लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है कि मैं सही दिशा में जा रहा हूं। राष्ट्रीय शिविर में लौटकर मैं अपने कोच से भविष्य के लक्ष्यों पर चर्चा करूंगा और उसी के अनुसार तैयारी करूंगा। मेरा सपना है कि मैं कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे बड़े मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करूं।



## अरुणाचल के लालू ताकू ने मारी बाजी

पं. रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी के खेल मैदान में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के सीनियर पुरुष 94 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। 28 मार्च को हुए इस मुकाबले में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपनी ताकत और तकनीक का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अरुणाचल प्रदेश के खिलाड़ी लालू ताकू ने कुल 250 किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने स्नैच में 110 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 140 किलोग्राम वजन उठाकर प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम रखा। दूसरे स्थान पर आंध्रप्रदेश के पी. मणिशंकर रहे, जिन्होंने कुल 244 किलोग्राम वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 106 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 138 किलोग्राम वजन उठाकर कड़ा मुकाबला पेश किया। तीसरे स्थान पर हिमाचल प्रदेश के खेमराज रहे, जिन्होंने कुल 232 किलोग्राम वजन उठाया। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी विरावी खुसरो ने 160 किलोग्राम के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया।










## बीमारी से जंग और भाई के अधूरे सपनों को पूरा करने का जुटाया साहस



अरुणाचल प्रदेश की 21 वर्षीय वेटलिफ्टर अनाई वांगसु ने 58 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण जीता है। अनाई का संघर्ष काफी प्रेरणादायक है। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स से कुछ ही दिन पहले वेटलिफ्टर अनाई वांगसु अस्पताल के बिस्तर पर थीं। उनकी पुरानी गैस्ट्रिक समस्या एक बार फिर उभर आई थी और ताकत लौटाने के लिए उन्हें इंट्रावेनस फ्लूइड्स पर रखा गया। ऐसे में उनके इन खेलों में भाग लेने पर ही सवाल खड़े हो गए थे। अनाई के लिए यह संघर्ष नया नहीं है। 2019 से वह इस बीमारी से जूझ रही हैं, जो बिना किसी चेतावनी के उन्हें कमजोर, डिहाइड्रेटेड और थका हुआ बना देती है। एक ऐसे खेल में जहां ताकत और संतुलन सबसे अहम होते हैं, लेकिन इस शारीरिक चुनौती के आगे हार मानने के बजाय अनाई ने वापसी की। अस्पताल से छुट्टी मिलने के अगले ही दिन वह फिर से प्रशिक्षण में जुट गई, क्योंकि इस बार वह अपने करियर के 'करीब आकर चूक जाने' की कहानी को बदलना चाहती थीं। अनाई ने यहां महिलाओं के 58 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण जीतने के बाद कहा कि मैंने पहले कांस्य और रजत पदक जीते थे और परिवार में सभी पूछते थे कि मैं स्वर्ण कब जीतूंगी। अब सब बहुत खुश हैं कि आखिरकार मैंने यह लक्ष्य हासिल कर लिया।



## निकिता ने गोल्ड का इंतजार किया खत्म

वेटलिफ्टर निकिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक दिलाया, जबकि ओडिशा की महिला तैराकों ने तैराकी स्पर्धाओं में तीनों स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाते हुए चौथे दिन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में अपना दबदबा कायम रखा। महिलाओं के 77 किलोग्राम वर्ग में निकिता ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता और मेजबान छत्तीसगढ़ के लंबे इंतजार को खत्म किया। दिन के अंतिम मुकाबले में आई यह जीत राज्य के लिए खास रही। तैराकी में ओडिशा की श्रेष्ठता साफ नजर आई। रितिका मिंज ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंजलि मुंडा ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में बाजी मारी। इसके बाद ओडिशा की टीम ने 4x100 मीटर मेडले रिले में भी स्वर्ण जीतकर दिन का शानदार समापन किया। अंजलि मुंडा इस प्रतियोगिता की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक रहीं, जिन्होंने कुल पांच स्वर्ण पदक जीते, जिनमें से चार व्यक्तिगत स्पर्धाओं में आए।अरुणाचल प्रदेश ने भी पदक तालिका में मजबूती दिखाई और पुरुषों की वेटलिफ्टिंग स्पर्धाओं में दोनों स्वर्ण पदक जीतकर अपनी स्थिति मजबूत की। वहीं, असम के लिए यह दिन खास रहा, जहां भाई-बहन निबिर क्रो और वायोलिना क्रो ने क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया।पदक तालिका में कर्नाटक 15 स्वर्ण, 6 रजत और 3 कांस्य पदकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। ओडिशा दूसरे स्थान पर है, जबकि असम तीसरे स्थान पर काबिज है। मेजबान छत्तीसगढ़ एक स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य सहित कुल आठ पदकों के साथ सातवें स्थान पर है।

## सिटी इवेंट

## जीवनशैली में बदलाव की आदत डालें, तलाशें खुद की कमियां



**रायपुर।** आपका माइंड आपका सर्वेंट है या मास्टर, इसे खुद तय करना होगा। इसकी पहचान के लिए स्वयं प्रयास कर सकते हैं। इस फन को सिखाने के लिए रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल द्वारा शुक्रवार की देर शाम शांतिनगर विमतारा हॉल में आयोजित विशेष मास्टर क्लास 'माइंड बॉडी रीसेट विषय पर वर्कशॉप किया गया। दो घंटे के सत्र में 28 देशों में मास्टर क्लास की वक्ता रही सुरभि पंड्या ने प्रतिभागियों को तनाव मुक्ति, बेहतर स्वास्थ्य और आंतरिक मजबूती के लिए एक सरल एवं व्यावहारिक मार्गदर्शन के लिए मास्टर क्लास में कई रोचक जानकारियां दीं। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल के अध्यक्ष डॉ. नवीन बागरेचा की अगवाई में किए गए आयोजन में प्रसिद्ध ऑन्कोलॉजिस्ट, होलिस्टिक फिजिशियन एवं हिप्नोथेरेपिस्ट डॉ. अनिल सिंघवी (इंदौर), ट्रांसफॉर्मेशनल कोच एवं अंतर्राष्ट्रीय वक्ता सुश्री सुरभि पंडया (न्यूयॉर्क) ने कहा कि आपका माइंड सर्वेंट है या मास्टर, इसे खुद तय करना होगा।

### कुछ सवाल जो हम खुद से कभी नहीं पूछते

वक्ताओं ने कहा कि जीवन से जुड़े कई सवाल ऐसे होते हैं, जो हम खुद से नहीं पूछते। यही कारण है कि हर व्यक्ति नई चुनौतियों के साथ तनाव की मार झेल रहा है। इसका जवाब तब मिलेगा, जब आप यह जानने का प्रयास करेंगे कि आंतरिक रूप से कितने पॉवरफुल हैं। कुछ लोगों से मिलते ही आपका मूड बिगड़ जाता है। आपके जीवन से जुड़े रिश्तों में शांति है या फिर सिर्फ तनाव का माहौल है। इन सवालों से आगे समाधान की ओर बढ़ने का निर्णय लेना होगा। इस मास्टर क्लास में सीखेंगे कि कैसे अपनी जिंदगी को बेहतर तरीके से जीने के लिए खुद को मजबूत बना सकते हैं। यहां दी जाने वाली जानकारी को प्रतिदिन खुद प्रयोग में लाते हुए स्वयं में बदलाव करें।

### विशेषज्ञों ने क्लास में साझा किए अनुभव

आयोजन संस्था के सचिव अमित खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष अंकित गोयल और मनीष अग्रवाल की मौजूदगी में प्रतिभागियों को अनुभव के आधार पर मानसिक संतुलन बनाने के लिए किस तरह के प्रयास करें, इसकी जानकारी दी गई। सुरभि पंड्या ने माइंड-बॉडी हेल्थ और ट्रांसफॉर्मेशन के क्षेत्र में अपने अनुभवों से हजारों लोगों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद की है। इस वर्कशॉप में प्रबुद्धजन शामिल हुए। उनको गाइडेंस सत्र के माध्यम से तनावमुक्त रहने, निर्णय में स्पष्टता, संतुलन और आंतरिक मजबूती के लिए किस तरह का प्रयास प्रतिदिन करना चाहिए, यह बताया गया।

## प्रयोगशाला परिचारक भर्ती काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी, 1 अप्रैल से होगी प्रक्रिया शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा संचालनालय ने प्रयोगशाला परिचारक के पदों पर सीधी भर्ती के लिए चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग का इंतजार खत्म कर दिया है। संचालनालय द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, मेरिट सूची में स्थान पाने वाले 430 अभ्यर्थियों के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया 1 और 2 अप्रैल 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। काउंसिलिंग प्रक्रिया नवा रायपुर स्थित इंद्रावती भवन के ब्लॉक-3 में संचालित होगी। काउंसिलिंग को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए इसे दो दिनों में और कुल चार पालियों में विभाजित किया गया है। ज्ञात हो कि यह काउंसिलिंग पूरी तरह से मेरिट और रोस्टर के नियमों के आधार पर की जा रही है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को उनके निर्धारित रैंक के अनुसार तय तिथि और समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। इस काउंसिलिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को उनके पदस्थापना स्थल का चयन करने का अवसर भी मिलेगा।

### साइंटिस्ट-बी के 200 से ज्यादा पदों पर रजिस्ट्रेशन शुरू




राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की ओर से साइंटिस्ट-बी के पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों के आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। जो उम्मीदवार में बतौर साइंटिस्ट पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों के लिए यह एक सुनहरा मौका है। इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया 27 मार्च से शुरू हो गई है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत साइंटिस्ट-बी के लिए कुल 243 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इसके साथ ही इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है। साइंटिस्ट-बी के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री एवं गेट स्कोरकार्ड होना चाहिए। उम्मीदवारों की आयु की गणना 31 मार्च 2026 के आधार पर की जाएगी। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 30 वर्ष निर्धारित की गई है।आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में पांच वर्ष की छूट और ओबीसी उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट दी जाएगी।

## रंगकर्मी की स्मृति में कलाकारों ने कैनवास पर सजाए मुखौटे

**रायपुर।** विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी एवं राज्य सम्मान से सम्मानित स्व. डॉ. केबी शर्मा की स्मृति में हर वर्ग के कलाकारों ने कैनवास पर मुखौटों को रेखांकित करते हुए कला प्रदर्शनी सजाई। महाकोशल कला वीथिका की आर्ट गैलरी में बाल, युवा, एवं प्रतिष्ठित कलाकारों की रचनाओं की प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार को सुजाता मिश्र एवं डॉ. दिनेश मिश्र ने किया। इस कला प्रदर्शनी में गणेश, राम, रावण, दुर्गा, शिव, कृष्ण, राक्षस, हनुमान, नर, नारी, जोकर, नाटकों के विभिन्न पात्र जैसे विषयों को कलाकारों ने अपनी रचनाओं में पिरोया है। इसे लोग देखने के लिए शनिवार को भी पहुंचे। इस प्रदर्शनी में सजाई गई रचनाओं को सोशल मीडिया पर भी देखने का अवसर दिया जा रहा है।



### नए रचनाकारों को परंपराओं से जोड़ने की पहल

कला प्रदर्शनी में एक ओर जहां कोलॉज रचनाएं हैं, वहीं दूसरी तरफ कागज, कपड़े की रचनाएं भी प्रदर्शित की गई हैं। मुखौटे में विभिन्न जीवन वृतांत को रेखांकित करती रचनाएं प्रदर्शित की गई हैं। इस कला प्रदर्शनी को कलाकारों ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी 30 अप्रैल तक अवलोकन के लिए प्रस्तुत किया है। परंपरा को नए कलाकारों को जोड़ने और हर दौर की रचनाओं की विशेषता बताने के लिए किया जा रहा है। आर्ट गैलरी में सजने वाले रचनाकारों के बीच इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने को लेकर रुझान भी बढ़ा है।

भारतीय दृष्टिकोण और आधुनिक विज्ञान के सिद्धांतों के बीच के गहरे संबंधों को समझाया

## आधुनिक विज्ञान को राह दिखाएंगे प्राचीन ग्रंथ, ब्रह्मांड की उत्पत्ति और ऋग्वेद पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के भारतीय ज्ञान प्रणाली केंद्र द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय लिटरेसी टू लिबर्टी- ऋग्वेद के नासदीय सूक्त और बिग बैंग थ्योरी था। इस महत्वपूर्ण सत्र का मुख्य उद्देश्य ब्रह्मांड की उत्पत्ति को लेकर प्राचीन भारतीय दृष्टिकोण और आधुनिक विज्ञान के सिद्धांतों के बीच के गहरे संबंधों को समझना था। कार्यक्रम में एनआईटी रायपुर के प्रभारी निदेशक प्रो. समीर बाजपेयी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं सतत कृषि विशेषज्ञ केईएन राघवन ने मुख्य वक्ता के रूप में अपना ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। रामनवमी के अवसर पर एनआईटी रायपुर के आईकेएस केंद्र के अध्यक्ष डॉ. तोषन मीनपाल ने मर्यादा, कर्तव्य तथा सत्य के मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आईकेएस केंद्र की परिकल्पना प्रस्तुत करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ने और उसे आज के समय में प्रासंगिक बनाने पर विशेष बल दिया।




### प्राचीन ग्रंथों से आधुनिक विज्ञान को मिलेगी दिशा

अपने संबोधन में प्रो. समीर बाजपेयी ने कहा कि प्राचीन भारतीय ग्रंथों में निहित गहन ज्ञान आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधानों को नई दिशा दे सकता है और उन्हें समृद्ध कर सकता है। मुख्य वक्ता श्री राघवन ने अपने व्याख्यान में ऋग्वेद के 'नासदीय सूक्त' की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने सृष्टि, अस्तित्व और ब्रह्मांड की उत्पत्ति पर वेदों के दार्शनिक दृष्टिकोण को सामने रखा। इन प्राचीन विचारों की तुलना आधुनिक 'बिग बैंग सिद्धांत' से करते हुए, उन्होंने छात्रों को पारंपरिक ज्ञान व आधुनिक विज्ञान के तालमेल पर शोध करने के लिए प्रेरित किया। यह सत्र भारतीय ज्ञान प्रणाली की वैज्ञानिक प्रासंगिकता पर एक सार्थक और गंभीर चर्चा का बेहतरीन मंच साबित हुआ।

# भगवान श्रीराम और भक्त हनुमान की आकर्षक झांकियों से सजी शोभायात्रा

## राजधानी में रामनवमी के अवसर पर भक्तों ने किए विविध आयोजन, गूंजा जयघोष

रायपुर। भक्त हनुमान और भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकियों के साथ छत्तीसगढ़ शिवसेना द्वारा 42वें वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शनिवार की देर-शाम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस परंपरा का निर्वहन रामनवमी के दूसरे दिन यानी 28 मार्च को किया गया। छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार की अगवाई में शोभायात्रा का शुभारंभ विट्ठल मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद किया गया। प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, प्रदेश समन्वयक कृष्णा यादव के साथ शिव सैनिकों आराध्य देव की आस्था में जयघोष करते हुए झांकियों के साथ हजारों की तादाद में शिवसैनिक शामिल हुए।







## प्रभु श्रीराम की बनाई आकर्षक रंगोली, जलाए 1008 दीप

विनायक सिटी में श्री रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों एवं सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं में गहन आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। इसके पश्चात भगवान श्रीराम एवं माता दुर्गा की विशेष महाआरती का आयोजन किया गया, जिसने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आयोजन का मुख्य आकर्षण भव्य शोभायात्रा रही, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं बजरंग बली की सजीव एवं आकर्षक झांकियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। श्रद्धालु "जय श्रीराम" के जयकारों के साथ भक्तिभाव में सराबोर होकर झूमते नजर आए।जहां एक ओर प्रभु श्रीराम की आकर्षक रंगोली मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रही, जो हर आयुवर्ग के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती रही, वहीं दूसरी ओर 1008 दीपों का सामूहिक प्रज्ज्वलन भी विशेष आकर्षण रहा, जिसने पूरे वातावरण को दिव्यता एवं आस्था के प्रकाश से आलोकित कर दिया।



## कचना में रामनवमी की रही धूम, आस्था में झूमे भक्त

पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड में रामनवमी के अवसर पर युवा शक्ति संगठन कचना द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में धुमाल के साथ श्री महाकाल अघोरी ग्रुप और भगवान श्रीराम व हनुमानजी की विशाल मूर्तियां शामिल थीं। आयोजन में प्रमुख रूप से संगठन के संरक्षक गोपेश साहू (अध्यक्ष जोन क्र. 9 व पार्षद वार्ड 9), संरक्षक रोबिन साहू, संयोजक दिलीप साहू और हिमांशु साहू मौजूद रहे। साथ ही सदस्य सौरभ साहू, यशवंत साहू, मोहन धीवर, बाला साहू, पंकज, दिनेश, चमन, शिवम, सूरज, ललित, परमेश्वर, राकेश, दीपेश, विनेश, राजू, सुरेश, पप्पू, विजय गांधी, भूपेंद्र यादव, राहुल साहू आदि सहित समस्त नगरवासियों की उपस्थिति में इस सफल आयोजन का समापन हुआ।



## हनुमान जन्मोत्सव के लिए तैयारी सुंदरकांड पाठ में जुटेंगे श्रद्धालु



सरोकार से जुड़कर काम करने के साथ ही जेसीआई रायपुर नोबल समय-समय पर धार्मिक आयोजन भी करता है। इस कड़ी में आगामी 1 अप्रैल को गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम में एक भव्य आयोजन किया जा रहा है। आध्यात्मिक श्री हनुमान जन्मोत्सव महोत्सव के लिए पुख्ता व्यवस्थागत तैयारी की गई है। यह आयोजन श्रद्धा, सेवा और सामूहिक भक्ति का अद्वितीय संगम होगा। इसमें शहर से ही हजारों श्रद्धालु शामिल होने वाले हैं। शनिवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में जेसीआई रायपुर नोबल की अध्यक्ष सुलभा पांडेय ने यह जानकारी दी। इस भक्तिमय महोत्सव का शुभारंभ शाम साढ़े 6 बजे किया जाएगा। मुख्य आकर्षण श्रद्धालुओं द्वारा एक साथ किया जाने वाला सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ होगा। इसके लिए मुंबई से सुप्रसिद्ध सुंदरकांड वाचक पं. प्रेमप्रकाश दुबे अपनी टीम के साथ श्रोताओं के बीच होंगे। आयोजन स्थल को राम दरबार की तरह भव्य स्वरूप दिया जाएगा। जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। अंत में मंगल आरती एवं महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। इस आयोजन में मंत्रियों, समाजसेवियों, दानदाताओं के साथ विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित लगभग 1500 से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। सभी आगंतुकों के लिए बैठने, पेयजल, प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। जेसीआई रायपुर नोबल द्वारा एक प्रतिष्ठित सामाजिक एवं सेवाभावी संस्था के रूप में समय-समय पर सामाजिक, धार्मिक, स्वास्थ्य एवं जागरूकता से जुड़े आयोजन करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए सक्रिय रूप से काम किया जाता है।

## सुहागा मंदिर में भक्तों ने किया सुंदरकांड पाठ

श्रीराधाकृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सुहागा मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा ब्राह्मण पारा में रामनवमी पर्व पर सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया। सुहागा मंदिर में भजन गायक रामकृष्ण बंधुओं के संगीतमय सुंदरकांड पाठ ने श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा के साथ ओम नमः शिवाय की गूंज, शिव भजन और तूने मुझे बुलाया शेरावालिए जैसे भजन ने नवरात्रि पर्व और रामनवमी को यादगार बनाया। सुंदरकांड पाठ के सामूहिक कार्यक्रम में विप्र संस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, छत्तीसगढ़ी युवा विकास संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, पूर्व जिलाधीश अनुराग पांडेय, भाजपा नेता सुभाष तिवारी, मिश्रीलाल पांडेय, डीपी तिवारी, पं. ओमप्रकाश तिवारी, प्रकाश तिवारी, प्रदीप नारायण, नवीन शर्मा, डॉ. ध्रुव पांडेय, भूपेंद्र शर्मा, नटराज शर्मा, संजय दीवान, डॉ. मेघेश तिवारी, कुसुम शर्मा, विभा तिवारी, रत्ना मिश्रा, प्रीति शुक्ला, सरिता शर्मा, पद्मा दीवान, विप्र शक्ति महिला मंडल एवं सुहागा मंदिर ट्रस्ट कमेटी के समस्त सदस्यों सहित बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने उपस्थित होकर सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आनंद लिया।



Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
Admission Open
For Pre Primary & Classes 1st - 12th (Maths, Bio, Arts, Com.)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil Lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 94252-14413, 93296-21221
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
Spoken English & Personality Development
Safe & Reliable Transport with Surveillance
Smart Learning with activity based teaching methods
Regular Seminars, competitions & interactive sessions
Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)

Bright Kids ACADEMY
Bright Kids-Where Fun Meets Learning"
Activity-Based Curriculum for Happy, Smart Learners
ADMISSION OPEN! Session: 2026-27
PRESCHOOL •Playgroup •Nursery •LKG •UKG
DAYCARE CENTRE
TRANSPORT SERVICE AVAILABLE
+91 96696 53335, 78282 53335
'Hands on... Minds on' Curriculum
Air-Conditioned Classrooms & Safe, Hygienic Campus
Smart Book Kits, DIY portal & Montessori Toy Library
Experienced, Caring Educators
CCTV Secured Campus
Web.: https://brightkidmont.com/schools/best-pre-school-in-raipur-bright-kids-academy
Address: Near Ramkrishna Hospital, Triveni Vihar, Pachpedi Naka Raipur (C.G.)

ROYAL PUBLIC SCHOOL
In Pursuit of Excellence
Admission Open
For Play Group, Pre-Primary, Classes 1st to 12th
(Maths, Bio, Com. Arts)
Chourasiya Coloney Near, Simran City Santoshi Nagar, Raipur
Call - 0771-4913336, 9589085558,
Transport Service Available
Play, Learn and Grow... Together!
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre-Primary Classes

Contact to Add Your School - 7987119756

आरोग्य हॉस्पिटल
AAROGYA HOSPITAL
सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर
NABH PRE ACCREDITED Accredited Hospital
आधुनिक गैस्ट्रो सर्जरी यूनिट, लैपेरोस्कोपी सर्जरी एवं आई.वी.एफ. सेन्टर
ऑर्थोपेडिक सर्जरी
लैपेरोस्कोपी सर्जरी
आई.वी.एफ. सेन्टर
लिवर पैंक्रियास सर्जरी
हॉलमियम लेज़र
उपलब्ध सुविधाएं :-
• लैप्रोस्कोपिक हर्निया सर्जरी
• गॉल ब्लैडर की पथरी और अपेंडिक्स का उपचार
• निसंतान दंपति का आईवीएफ द्वारा इलाज
• लैप्रोस्कोपिक द्वारा बच्चेदानी और कैंसर का इलाज
• लेज़र और स्टैपलर द्वारा पाइल्स फिशर फ़िस्टूला
• ट्रामा हड्डी रोग न्यूरोसर्जरी • गैस्ट्रो सर्जरी
• हॉल्मियम लेज़र द्वारा प्रोस्टेट और पथरी • एंडोस्कोपी कोलोनोस्कोपी
• लिवर और पैंक्रियास का इलाज • कैंसर सर्जरी • नेत्र रोग
• मेडिसिन विभाग और आईसीयू में गंभीर मरीज़ो का इलाज
• नाक कान गला रोग
कार्डियोलॉजी विभाग
इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ECG)
इकोकार्डियोग्राफी (Echo / 2D)
ट्रेडमिल टेस्ट (TMT)
होल्टर मॉनिटरिंग- 24 H Holder & BP Monitory (ABPM)
Stress Echo
अतिशीघ्र कैथलैब चालू
HDFC Bank के सामने, शंकर नगर से लोधी पारा चौक जाने के मार्ग पर शंकर नगर रायपुर
फोन:- 0771-4044115, 4265115 98271-98000



# टॉयलेट में सेल फोन का इस्तेमाल हो सकता है घातक

क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो टॉयलेट में बैठने के दौरान फोन की स्क्रीन को स्क्रॉल करते रहते हैं? अगर हां तो यकीन मानिए आप अकेले ऐसे नहीं हैं। जिन लोगों को टॉयलेट में ज्यादा वक्त लगता है वह इस तरह के कई तरीके पहले से अपनाते रहे हैं। यह बहुत पहले की बात नहीं है जब अमेरिकी बाथरूम में पत्रिकाओं के लेटेस्ट अंक रखे जाने शुरू हो गए थे। इसे समय के उपयोग करना कहें या फिर पेट को साफ करने में अधिक समय लगने की मजबूरी, लेकिन बड़ी संख्या में आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे जो टॉयलेट में अखबार या फोन लेकर जाते हैं और लंबे समय तक इसका इस्तेमाल करते रहते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि इस एक आदत के कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं? यह कई तरह के संक्रमण के बार-बार होनो और बीमारियों को बढ़ाने वाली आदत हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आप भी ऐसा करते हैं तो अब भी देर नहीं हुई है, तुरंत इस आदत को छोड़ दें।

## क्यों हानिकारक है ये आदत?

हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं, टॉयलेट की सीट और वहां मौजूद चीजें जैसे बाल्टी-मग आदि पर लाखों वायरस-



बैक्टीरिया हो सकते हैं। जब आप इनके इस्तेमाल के बाद फोन को छूते हैं तो हाथों के माध्यम से बैक्टीरिया आपको फोन पर चिपक जाते हैं। इसका एक जोखिम यह भी है कि आपका स्मार्टफोन शौच में मौजूद बैक्टीरिया से दूषित हो सकता है। इस तरह के एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने फोन में ई.कोलाई और अन्य माइक्रोबियल की मौजूदगी का पता लगाया। ब्रिटेन के एक शोध अध्ययन में पाया गया कि औसत स्मार्टफोन स्क्रीन पर टॉयलेट सीट से भी ज्यादा बैक्टीरिया हो सकते हैं।

## कीटाणुओं का वाहक बन सकता है आपका फोन

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं जो फोन आप टॉयलेट से बाहर लेकर आते हैं उसका अगर परीक्षण किया जाए तो यह कीटाणुओं के घर जैसा दिख सकता है। हम अपने हाथों को तो धो लेते हैं पर फोन को साफ नहीं करते हैं। ऐसे में लंबे समय तक जर्म्स फोन की स्क्रीन पर रह सकते हैं और जब-जब इसपर हाथ लगाते हैं तो उसके माध्यम से ये नाक और मुंह के रास्ते पेट में जा सकते हैं।

# दिल की तकलीफ शुरू होने से पहले शरीर देता है कई संकेत, इन्हें पहचानिए और शुरु कर दीजिए उपचार

हृदय रोग वैश्विक स्तर मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हैं। आंकड़ों के मुताबिक कोरोनरी हार्ट डिजीज (सीएडी) हृदय रोग का सबसे आम प्रकार है, जिससे 2025 में 4.75 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। 20 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 20 वयस्कों में से लगभग 1 को (लगभग 5%) इस समस्या का जोखिम हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे लाइफस्टाइल और आहार से संबंधित कई प्रकार की समस्याओं के कारण हृदय रोगों का खतरा बढ़ता जा रहा है। दुर्भाग्यवश कम उम्र के लोग भी इसके शिकार पाए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बहुत से लोग डॉक्टर के पास जाने से डरते हैं, तब तो और भी अधिक जब वह




हृदय रोग विशेषज्ञ के पास जाना हो। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर निदान होने से हृदय की संभावित गंभीर समस्याओं के जोखिमों को कम करने और रोगी की जान बचाने में मदद मिल सकती है। डॉक्टर सभी लोगों को सालाना दो बार अपने हृदय की जांच कराने की सलाह देते हैं, भले ही आपको कोई हृदय रोग न हो।

## युवाओं में हृदय रोगों की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, युवा लोगों (उम्र 35-64) में हृदय रोगों के मामले बढ़ते हुए रिपोर्ट किए जा रहे हैं। वैसे तो इसके कई कारण हो सकते हैं, जिसमें मोटापे, हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर प्रमुख है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रोपिर्ट के मुताबिक लगभग आधे अमेरिकियों में हृदय रोग के लिए शीर्ष तीन जोखिम कारकों (उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल और धूम्रपान) में से कम से कम एक की दिक्कत है।

# अंतर विभागीय क्रिकेट में बीएसपी कर्मी लगा रहे चौके-छक्के

**भिलाई।** बीएसपी फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित फ्रेंड्स कप प्रो सॉफ्टवेयर बॉल अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को रोमांचक मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच मेडिकल एवं ब्लास्ट फर्नेस के मध्य खेला गया। परिणाम ब्लास्ट फर्नेस ने 6 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच मधु इक्का रहे। चौथा क्वार्टर फाइनल मैच सीआईएसएफ एवं यूआरएम (आर) के मध्य खेला गया। परिणाम सीआईएसएफ ने 8 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच अरुण यादव रहे। इन मैचों के अंपायर संजय विकास, अभय यादव एवं राधेश्याम, स्कोरर अनिल सिंह, वीरेंद्र, भीम मीणा एवं विनोद देवघरे थे। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच 29 मार्च शनिवार को खेला जाएगा। जिसमें पहला सेमीफाइनल मैच यूआर एम (टीएनडी) एवं पीबीएस के मध्य और दूसरा सेमीफाइनल मैच ब्लास्ट फर्नेस एवं सीआईएसएफ के मध्य खेला जाएगा।






















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'हैरी पॉटर' का ट्रेलर देख इमोशनल हुए फैंस, याद आए पुराने एक्टर्स

हैरी पॉटर'फिल्म की अपनी अलग ही फैन फॉलोइंग दुनिया भर में है। अब यह सीरीज के रूप में फैंस के सामने आने वाला है। इस सीरीज का ट्रेलर भी सामने आ चुका है।



इस पर फैंस क्या रिएक्शन दे रहे हैं?

'हैरी पॉटर' एक नाम नहीं है, यह दुनिया भर में मौजूद लाखों बच्चों का बचपन का साथी रहा है। यह बच्चे आज बड़े हो चुके हैं लेकिन हैरी पॉटर उनकी यादों का हिस्सा है। 'हैरी पॉटर'की बुक्स, फिल्में आज भी उन फैंस के जेहन में बसी हैं। जल्द ही 'हैरी पॉटर'सीरीज भी आने वाली है। इस सीरीज का ट्रेलर देखकर फैंस काफी खुश हैं। इसके ट्रेलर पर खूब रिएक्शन दे रहे हैं। वहीं कुछ फैंस निराश भी हैं। 'हैरी पॉटर'सीरीज का ट्रेलर देखकर फैंस खुशी से झूम उठे। हैरी पॉटर, हरमाइनी ग्रेंजर और रॉन वीज्ली को देखकर उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई। हॉगवर्ट्स की जादुई दुनिया देखकर फैंस काफी एक्साइटेड नजर आए। एक यूजर ने ट्रेलर पर रिएक्शन देते हुए लिखा, 'इसमें हैरी पॉटर की फिल्मों जैसा ही अहसास छिपा है। बहुत पुरानी यादें ताजा हो गईं। मैं बहुत उत्साहित हूं।'एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'मुझे यकीन है कि सिर्फ मैं ही ऐसा महसूस नहीं कर रहा हूं। मुझे खुशी और अपनापन महसूस हो रहा है। हम सच में पुराने समय को बहुत याद करते हैं। ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है कि हम बड़े हो गए हैं, बल्कि इसलिए है कि दुनिया बदल गई है। लोग बदल गए हैं। लेकिन हॉगवर्ट्स नहीं बदला, वह वैसा का वैसा ही है। यह कितना शानदार है, इसकी हर छोटी-बड़ी बात कमाल की है।' एक अन्य फैन ने भी खुशी जाहिर करते हुए कमेंट किया, 'मैं तो बहुत ज्यादा इंप्रेस हूं। मेरी आंखों में आंसू क्यों आ रहे हैं।

### टॉलीवुड

## ट्रोलर्स पर भड़के 'उस्ताद भगत सिंह'के निर्देशक, बोले- मुझे फर्क नहीं पड़ता

पवन कल्याण की 'उस्ताद भगत सिंह' बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। वहीं फिल्म को ट्रोल भी किया जा रहा है। अब फिल्म की ट्रोलिंग पर निर्देशक हरीश शंकर ने प्रतक्रिया दी है।



पॉवर स्टार कहे जाने वाले पवन कल्याण की फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह'इन दिनो बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। लेकिन 'धुरंधर 2' की आंधी के आगे फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म अभी तक सौ करोड़ के आंकड़े से भी काफी दूर है। वहीं इस फिल्म को क्रिटिक्स से भी कोई खास प्रतिक्रियाएं हासिल नहीं हुई हैं। अब फिल्म के निर्देशक हरीश शंकर ने निगेटिव रिव्यूज और बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। एक फैन इंटरेक्शन इवेंट में निर्देशक हरीश शंकर ने ट्रोल कमेंट्स का सीधा जवाब देते हुए कहा कि ट्रोलर्स को ट्रोल करने की पूरी छूट है, लेकिन मैं क्रिएटिव क्रिटिक्स को स्वीकार करता हूं। जैसे 'सीन ठीक से लिखा नहीं गया था' या 'इसे और बेहतर लिखा जा सकता था', 'पहला हाफ थोड़ा धीमा था'। मैं इन्हें स्वीकार करूंगा लेकिन ट्रोल की बातों को गंभीरता से नहीं लेता क्योंकि उनकी पहचान, उनका ठिकाना नहीं होता। वे खुद अपनी पहचान उजागर करने में बहुत असुरक्षित महसूस करते हैं। निर्देशक ने आगे कहा कि अगर मैं कुछ कहता हूं, तो मैं उसकी जिम्मेदारी और जवाबदेही लेता हूं। जब लोग अंधेरे में पत्थर फेंकते हैं तो बात अलग होती है। जिस तरह से मुझे ट्रोल किया गया है, मैं तो बहुत पहले ही ट्विटर छोड़ देता। मुझे ट्रोल करने वालों या चंदा इकट्ठा करने वालों की परवाह नहीं है। सबसे पहले मुझे ट्रोल करने वाले मेरे माता-पिता थे, जब मैंने उन्हें बताया कि मैं फिल्मों में काम करना चाहता हूं।

### भोजपुरी

## अक्षरा का क्रिप्टिक पोस्ट फैंस को दिया खास सुझाव

चर्चित अभिनेत्री और सिंगर अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर अक्सर अपने वर्क और निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट शेयर करती हैं। उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट



साझा किया है। इसमें एक्ट्रेस ने लोगों को अपने आसपास के लोगों का हौसला बढ़ाते रहने का सुझाव दिया है। साथ ही जिंदगी में चलते रहने की सलाह दी है। अक्षरा सिंह ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'जिंदगी में हजार लोग मिलेंगे, जो उनकी अपनी आंखों से अपने हिसाब से आपको देखेंगे बहुत कम लोग होंगे, जो आपके संघर्ष के पीछे किए गए बलिदानों को समझेंगे। सिर्फ एक चीज चाहिए होती है ऐसे लोगो को पता है क्या? तुम ठीक हो ना? तुम लड़की हो या लड़के, बस जिंदगी में चलते रहो। बस इतनी सी ही बात से वो दुनिया भी जीती जा सकती है। अगर आपके भी आसपास कोई ऐसा हो जो बहुत मजबूत हो, उससे बस इतना सा कहना 'मैं हूं ना, तुम बहुत अच्छा कर रही हो या कर रहे हो'। सिर्फ इतना'। अक्षरा सिंह ने एक अन्य पोस्ट भी इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें वे भजन गाती दिख रही हैं। उन्होंने चैत्र नवरात्रि में यह भजन माता रानी को समर्पित किया है। एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा है, 'आवाज ने कहा, 'मैं नहीं आ रही, नाक भी बंद। दिल बोला कि भजन तो होगा। वादा जो किया है तो बस, जो निकला वही मां को अर्पित कर दिया। प्यार से सुन लेना। ये भजन आपने ही फरमाइश किया था, हम सबका फेवरेट।

### लक्जरी ब्रांड





लाइफ स्टाइल

आमतौर पर माना जाता है कि लक्जरी ब्रांड मूल रूप से भड़कीले लोगो या क्षणिक रुझानों के बजाय त्रुटिहीन शिल्प कौशल और सूक्ष्म परिष्कार पर ध्यान केंद्रित करते हैं। ये परिधान सरल, न्यूनतम और हर मौसम में पहनने योग्य होते हैं, जो ₹कम ही ज़्यादा है₹ के सिद्धांत को दर्शाते हैं। कुछ शांत और सुरुचिपूर्ण परिधान ब्रांड, जैसे राल्फ लॉरेन पर्पल लेबल, जो इस ब्रांड की सबसे विशिष्ट और उच्च श्रेणी की लाइन है, अमेरिकन-प्रेपी शैली को अपनाते हैं।

## करीब आ रहा है शादी का दिन तो ऐसे रखें अपनी त्वचा का ध्यान

शादी का दिन हर लड़की के लिए बेहद खास होता है। इसके लिए वो काफी पहले से तैयारी कर लेती हैं। शादी के दिन खूबसूरत दिखने के लिए लड़कियां पार्लर बुकिंग लेती हैं, जहां महीने भर पहले से उनकी त्वचा का ध्यान रखा जाता है। यदि आपके पास पार्लर में स्किन केयर कराने का समय नहीं है तो घर पर ही कुछ टिप्स फॉलो करके अपनी त्वचा का ध्यान रखें। यहां हम आपको होने वाली दुल्हनों के लिए कुछ खास टिप्स देने जा रहे हैं, ताकि आप घर बैठे-बैठे भी अपनी त्वचा का ध्यान रख सकें। इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### सीटीएम फॉलो करें

यदि आपकी शादी होने वाली है तो सीटीएम रूटीन फॉलो करना शुरू कर दें। सीटीएम रूटीन फॉलो करने से आपकी त्वचा की डीप क्लींजिग होती रहेगी, जिससे आपकी त्वचा अंदर तक साफ रहेगी। ये रूटीन आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखने में भी मदद करेगा।

### हर्बल फेस पैक आएगा काम

बाजार में मिलने वाले फेस पैक की जगह यदि आप हर्बल फेस पैक अपनी त्वचा पर लगाएंगी तो इससे आपकी त्वचा भी ग्लो करेगी। हर्बल फेस पैक इस्तेमाल करते समय उन्हीं चीजों का इस्तेमाल करें, जो आपको सूट करें। इस पैक में कोई भी ऐसी चीज मिक्स न करें, जो आपकी एलर्जी का कारण बन सके।

### हफ्ते में एक बार त्वचा को करें स्क्रब



हफ्ते में कम से कम एक बार अपनी त्वचा को स्क्रब अवश्य करें। स्क्रब करने से त्वचा की डीप क्लींजिंग होती है। इससे डेड स्किन भी हट जाती है। आप चाहें तो आप घर पर ही चीनी और शहद का स्क्रब बना सकती हैं।

### सनस्क्रीन है जरूरी

यदि आपकी शादी होने वाली है तो अपने बैग में एक सनस्क्रीन अवश्य रखें। इसका इस्तेमाल हर दो से तीन घंटे में करें। सनस्क्रीन खरीदते समय अपने स्किन टाइप का ध्यान अवश्य रखें। यदि आप गलत सनस्क्रीन इस्तेमाल करेंगी तो इससे आपको लाभ की जगह हानि पहुंचेगी।

## सिंपल साड़ी पहनना लगता है बोरिंग तो फॉलो करें ये ट्रेंड





साड़ी एक ऐसा भारतीय परिधान है, जिसे महिलाएं हर कार्यक्रम में पहनना पसंद करती हैं। आज के समय में तो साड़ी को महिलाएं ग्लैमरस अंदाज में भी कैरी करती हैं। यदि आपको भी साड़ी पहनना पसंद है लेकिन आप साधारण तरह से साड़ी पहनते-पहनते बोर हो गई हैं तो यहां हम आपको साड़ी पहनने के अन्य पांच पैटर्न बताने जा रहे हैं। इन पांच तरह की साड़ी पहनकर चैत्र नवरात्रि के दिन आप अपना खूबसूरत और सादगी भरा अंदाज दिखा सकती हैं। साड़ी को कई तरीकों से पहना जा सकता है। तो चलिए बिना देर किए आपको साड़ी पहनने के पांच नए पैटर्न के बारे में बताते हैं।

### सीधे पल्लु की साड़ी



सीधे पल्लु की साड़ी पहनने से आपका लुक और भी सादगी भरा लगता है। नीता अंबानी तक पूजा-पाठ के काम में हमेशा सीधे पल्लु की साड़ी पहनना ही पसंद करती हैं। यदि आपको भी सीधे पल्लु की साड़ी कैरी करना पसंद है तो ये आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है।

### नौवारी साड़ी

महाराष्ट्रियन स्टाइल साड़ी पहनकर आप नवरात्रि में अपना खूबसूरत और अलग अंदाज दिखा सकती हैं। इसके साथ नाक में पारंपरिक नथ पहनें। यदि आपके बाल लंबे हैं तो बालों में जूड़ा बनाकर गजरा लगाएं। गजरा लगाकर आपका अंदाज काफी प्यारा लगेगा। माता रानी की पूजा की बात हो रही है और महिलाएं बंगाली स्टाइल में साड़ी न पहनें, ये तो हो ही नहीं सकता। ऐसे में आप भी चाहें तो बंगाली स्टाइल में साड़ी पहन सकती हैं। ये जरूरी नहीं है कि आप लाल बॉर्डर वाली सफेद साड़ी ही पहनें। आप किसी भी साड़ी को बंगाली स्टाइल में कैरी कर सकती हैं।

## गर्मियां आते ही होने लगी है दाढ़ी में खुजली तो घरेलू उपचार आएंगे काम

गर्मियों का मौसम आते ही हर किसी को अलग-अलग दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कोई सनबर्न और टैनिंग से परेशान है तो वहीं कुछ लोग त्वचा और सिर पर होने वाली खुजली से। सबसे बड़ी परेशानी तो उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो लोग दाढ़ी रखते हैं। दरअसल, गर्मी के मौसम में पुरुषों की दाढ़ी में काफी खुजली होती है, जिसकी वजह से कई बार उन्हें शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ता है। यदि आप भी उन्हीं लोगों में के एक हैं, तो ये लेख आपकी काफी मदद करने वाला है। यहां हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिसके इस्तेमाल से आप दाढ़ी की खुजली को दूर कर सकते हैं।

### अच्छे से सफाई है जरूरी

यदि आप दाढ़ी रखते हैं तो इसकी अच्छी तरह से सफाई करना बेहद जरूरी है। इसके लिए दिन में कम से कम दो बार दाढ़ी को गुनगुने पानी से साफ करें। इससे दाढ़ी पर जमने वाले बैक्टीरिया खत्म हो जाएंगे। दाढ़ी की खुजली दूर करने का ये सबसे आसान तरीका है।



### मॉइश्चराइज करें

बाजार में दाढ़ी रखने वाले पुरुषों के लिए अलग से मॉइश्चराइजर आते हैं, जिन्हें दाढ़ी पर भी लगाया जा सकता है। अच्छे से यदि आप अपनी दाढ़ी को मॉइश्चराइज करके रखेंगे तो उसमें खुजली की संभावना कम हो जाएगी, क्योंकि खुजली हमेशा या तो पसीने से आती है या फिर रूखेपन से।

### इस्तेमाल करें दाढ़ी का शैंपू

अब तो बाजार में दाढ़ी के हिसाब से शैंपू आते हैं, जिनका इस्तेमाल खासतौर पर दाढ़ी को साफ करने के लिए किया जाता है।

## फेशियल से चमक उठेगा चांद सा चेहरा

यदि आप खास दिन के लिए चांद सा चमकता चेहरा चाहती हैं, लेकिन पार्लर में पैसे खर्च करना नहीं चाहतीं तो घर पर ही फेशियल कर लें। त्योहार और शादियों के इस मौसम में लोग अपना चेहरा चमकता हुआ रखना चाहते हैं। ऐसे में अब जब गर्मी शुरू हो गई है तो चेहरा डल होने लगा है। इसी के चलते खास मौके पर खूबसूरत दिखने खासतौर महिलाएं पार्लर के चक्कर लगाने लगी हैं। यदि आप पार्लर नहीं जाना चाहतीं तो हम आपको घर पर ही फेशियल करना बताएंगे, ताकि आपकी त्वचा चांद सी चमकती रहे।

### चेहरे को धोएं

घर पर फेशियल करने के लिए सबसे पहले आपको अपना चेहरा अच्छी तरह से साफ करना चाहिए। इसके लिए अपनी स्किन टाइप के हिसाब के हिसाब के क्लींजर इस्तेमाल करें और चेहरे की डीप क्लींजिंग करें। यदि आप गंदे चेहरे पर ही फेशियल करेंगे तो इससे आपकी त्वचा न तो सही से साफ होगी, बल्कि इसकी वजह से परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।

### स्क्रब करें

चेहरे को साफ करने के बाद बारी आती है स्क्रब की। तो इसके लिए आप किसी घरेलू स्क्रब या फिर बाजार



में मिलने वाले स्क्रब का इस्तेमाल करके अपना चेहरा चमकाएं। स्क्रब का इस्तेमाल करने के लिए अपने चेहरे पर स्क्रब लगाएं और फिर हल्के हाथों से मसाज करें। 5-7 मिनट के बाद चेहरे को धो लें।

### कार्नर न्यूज

### फिल्म और ग्लैमर से जुड़े लोगों की पसंद है 'मेसो बोटोक्स'


## 'मेसो बोटोक्स' के चलते बढ़ती उम्र में भी जवां दिखने लगेंगे आप, जानिए इस नई तकनीक को

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिनको देखकर आपके मन में ख्याल आता होगा कि बढ़ती उम्र में भी इनकी त्वचा इतनी चमकदार कैसे है। आपके इस सवाल का जवाब हम इस लेख में देंगे।

: बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिनकी उम्र बढ़ती जा रही है, लेकिन फिर भी उनकी त्वचा एकदम यंग दिखती है। भले ही वो कितना भी कहें कि उनकी यंग त्वचा के पीछे का राज अच्छा खान-पान है लेकिन ऐसा नहीं होता।

फैबुलस लाइव वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स नाम की सीरीज में मशहूर एक्ट्रेस नीलम कोठारी ने कैमरे पर बोटोक्स ट्रीटमेंट लेते हुए खुद को दिखाया था, और उन्होंने कहा था कि इसमें छिपाने जैसा कुछ भी नहीं है। इसी के बाद से ये साफ हो गया कि अभिनेत्रियां यंग दिखने के लिए बोटॉक्स ट्रीटमेंट लेती हैं।

बहुत से लोगों को इस बारे में जानकारी ही नहीं है कि आखिर बोटॉक्स और मेसो बोटॉक्स है क्या? यहां आज हम आपको मेसो



बोटॉक्स के बारे में बताएंगे, क्योंकि आजकल बोटॉक्स से ज्यादा मेसो बोटोक्स चलन में है। ये बढ़ती उम्र के लक्षण को छिपाने में काफी सफल रहता है।

### क्या होता है इसका काम ?

यदि आप मेसो बोटॉक्स कराने का सोच रहे हैं तो पहले ये जान लें कि ये आखिर किस काम आती है। दरअसल, मेसो बोटोक्स एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से बढ़ती उम्र के लक्षणों को छिपाया जाता है।

यानी कि यदि आपके चेहरे पर, आंखों के आस-पास महीन रेखाएं और झुर्रियां हैं तो आप मेसो बोटोक्स की मदद ले सकते हैं। इसका उपयोग रोमछिद्रों के आकार को कम करने, तेल उत्पादन को नियंत्रित करने और चेहरे पर पसीना कम करने के लिए भी किया जाता है।

### कैसे करता है काम

मेसो बोटॉक्स में आपके चेहरे के खास हिस्सों पर हाइलूरोनिक एसिड के साथ पतले बोटुलिनम टॉक्सिन की छोटी खुराक का इस्तेमाल किया जाता है। इस ट्रीटमेंट में साधारण की जगह माइक्रो नीडल का इस्तेमाल किया जाता है। आमतौर पर मेसो बोटॉक्स का इस्तेमाल माथे की बारीक झुर्रियां, आंखों के नीचे झुर्रियां, नसोलेबियल फोल्ड, मुंह का दबा हुआ कोण, गर्दन, और हाथ पर झुर्रियां हटाने में किया जाता है।

### कैसे होता है बोटॉक्स से अलग ?

अगर आपको लग रहा है कि बोटोक्स और मेसो बोटोक्स एक जैसे होते हैं, तो ये आपकी गलतफहमी है। दोनों में काफी फर्क है।

